खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 15 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 214 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 20 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


# किश्तवाड़ में बादल फटा, 52 मरे

## 28 लोगों के शव बरामद, 167 को बचाया, करीब 100 से ज्यादा अभी लापता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12.30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में 52 लोगों की मौत हो गई है। इनके 28 शव भी मिल गए हैं। अब तक 167 लोगों को बचाया गया है। करीब 100 से ज्यादा लोग अभी लापता हैं।

हादसा उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचौल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डर सब-डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सभी बाढ़ के पानी में बह गए। मचौल माता तीर्थयात्रा हर साल अगस्त में होती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह 25 जुलाई से 5 सितम्बर तक चलेगी। यह रूट जम्मू से किश्तवाड़ तक 210 किमी लंबा है और इसमें पड्डर से चशोटी तक 19.5 किमी की सड़क पर गाड़ियां जा सकती हैं। उसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीमें बचाव में जुटी हैं। विपक्ष के नेता सुनील कुमार शर्मा और स्थानीय विधायक ने घटनास्थल का दौरा किया है और राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन स्थिति का जायजा लेने में जुटा हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के नेता प्रतिपक्ष और स्थानीय विधायक सुनील कुमार शर्मा से तत्काल संदेश मिलने के बाद अभी-अभी किश्तवाड़ के उपायुक्त पंकज कुमार शर्मा से बात की। चशोटी क्षेत्र में भीषण बादल फटा है, जिससे बड़ी जनहानि हुई है। प्रशासन तुरंत कार्रवाई में जुट गया है, बचाव दल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।



■ चशोटी गांव में मचौल माता की धार्मिक यात्रा के लिए पहुंचे कई लोग बहे

■ बादल वहीं फटा, जहां से मचौल माता की यात्रा शुरू होने वाली थी, घटना के बाद यात्रा रद्द

### पीएम मोदी ने दिया हर संभव मदद का भरोसा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बादल फटने से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बचाव और राहत अभियान जारी है। उधर गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि किश्तवाड़ जिले में बादल फटने की घटना को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बातचीत की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है।

# पहलगाम जैसे हमलों को अनदेखा नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

■ जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य बनाने का मामला

कोर्ट ने केंद्र सरकार से आठ हफ्तों में जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य का दर्जा दोबारा बहाल करने के मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार से आठ हफ्तों के अंदर लिखित जवाब मांगा है। कोर्ट ने अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले का भी जिक्र किया।

सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जमीनी हकीकत और पहलगाम जैसी आतंकी घटनाओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। दरअसल, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश बनाया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में केंद्र के फैसले को चुनौती दी गई। दिसम्बर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य से आर्टिकल 370 हटाने और विशेष राज्य का दर्जा समाप्त करने को सही माना था। तब पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आश्वासन दिया था कि केंद्र सरकार जम्मू- कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करेगी। कोर्ट ने इस बहाली के लिए कोई स्पष्ट समय सीमा नहीं दी थी। सरकार की ओर से मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहले चुनावों के बाद राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन दिया थाऔर इस पर काम कर रही है। सीजेआई ने कहा कि कोर्ट को जवाब दिए बिना आगे नहीं बढ़ा जा सकता।

## चुनाव आयोग बिहार मतदाता सूची से हटाए 65 लाख नाम प्रकाशित करे: कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए लगभग 65 लाख मतदाताओं की जिलावार सूची 21 अगस्त तक संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइटों पर प्रकाशित कर दे।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर लगातार तीन दिनों तक संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद इस संबंध में आदेश पारित किया। पीठ ने आयोग से कहा कि वह मसौदा सूची से नाम हटाने के कारणों का भी खुलासा करें। यह स्पष्ट करे कि आखिर मृत्यु, दूसरी जगह स्थाई निवास, दोहरी पंजीकरण के कारण मसौदा सूची में उनके नाम दर्ज नहीं किए गए।

### आवारा कुत्तों पर तीन सदस्यीय पीठ का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को पकड़ कर आश्रय गृहों में भेजने संबंधी शीर्ष अदालत के 11 अगस्त के आदेश पर रोक की मांग वाली याचिकाओं पर फिर जमकर बहस हुई और संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद तीन सदस्यीय पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सीजेआई ने स्वत: संज्ञान इस मामले में बुधवार को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की एक नई पीठ गठित की थी। पीठ ने आज सुनवाई की और दो सदस्यीय पीठ के आदेश की वैधता पर सवाल उठाने वाले सभी हस्तक्षेपकर्ताओं से हलफनामा दाखिल करने को कहा।

### अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 17 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

### पाकिस्तान याद रखे, किसी भी दुस्साहस का परिणाम दर्दनाक होता है: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी नेताओं को जुबान पर कंट्रोल रखने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि पाकिस्तानी नेता भारत के खिलाफ गैर-जिम्मेदार, युद्ध भड़काने वाले और नफरत फैलाने वाले बयान दे रहे हैं।







## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता अधिकार के लिए बिहार में शुरू करेंगे यात्राएं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मतदाताओं के मताधिकार को सुनिश्चित करने, लोकतंत्र बचाने तथा संविधान की रक्षा के लिए बिहार में 17 से 30 अगस्त तक यात्राओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेता हिस्सा लेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 17 अगस्त को सासाराम से इन यात्राओं की शुरुआत करेंगे और फिर कटिहार, मधुबनी आदि कई स्थानों से होते हुए यात्रा का 30 अगस्त को पटना में समापन किया जाएगा।

### महबूबा ने अदालत की बात को सराहा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के मामले में दायर याचिका में बहस के समय उच्चतम न्यायालय का पहलगाम आतंकवादी हमले का ज़िक्र करना, इस क्षेत्र की स्थिरता को लेकर भारत सरकार के अविश्वास को दर्शाता है। विदित हो कि इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को केंद्र सरकार से आठ सप्ताह के भीतर जवाब दायर करने को कहा है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं से 'पहलगाम आतंकवादी हमले जैसी ज़मीनी हकीक़तों' से अवगत रहने को कहा। इसमें जहूर अहमद भट और खुर्शीद अहमद मलिक ने याचिका दायर की है। सुश्री महबूबा ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय का हालिया पहलगाम आतंकवादी हमले का जिक्र करना इस क्षेत्र की स्थिरता के प्रति केन्द्र सरकार के निरंतर अविश्वास को रेखांकित करता है।

# ईसी हमें दे वाराणसी की वोटर लिस्टः कांग्रेस



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए कथित 'वोट चोरी' आरोप के बाद कांग्रेस मीडिया विभाग चेयरमैन पवन खेड़ा ने गुरुवार को चुनाव आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संसदीय क्षेत्र वाराणसी की वोटर लिस्ट की मांग की है।

खेड़ा ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री ने 2024 लोकसभा चुनाव में धांधली की है। कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन खेड़ा ने आज प्रेस वार्ता में कहा चुनाव आयोग के कई चेहरे है। चुनाव आयोग का नाम एक है, तो वहीं चेहरे अनेक हैं। उन्होंने कहा कि सात अगस्त को गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और भारत की राजनीति में भूचाल आ गया। इसके कारण ही सत्ता में बैठी सरकार घबरा रही है। खेड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नेता अनुराग ठाकुर की प्रेस कांफ्रेंस में छह और फर्जी वोटर का खुलासा किया गया। उन्होंने कहा कि गांधी जब प्रेस कॉन्फ्रेंस की तो तुरंत नोटिस आ गया, लेकिन ठाकुर को प्रेस कॉन्फ्रेंस करे हुए 24 घंटे हो गए हैं। इसके बाद भी उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया। ठाकुर को छह लोकसभा में गड़बड़ी के आंकड़े छह दिन में मिल गए। हमें छह महीने लगे इन्हें छह दिन में कैसे मिले? चुनाव आयोग को इस पर जवाब देना चाहिए। ठाकुर ने जो सबूत दिए वो एक आपराधिक मामला है।

# स्वतंत्रता दिवस पर 86 गैलेंट्री अवार्ड का ऐलान

**नई दिल्ली, वार्ता**

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ऑपरेशन सिंदूर में बहादुरी और साहस दिखाने वाले आर्म्ड फोर्स के 86 जवानों को गैलेंट्री अवार्ड देने का ऐलान हुआ है। वायुसेना के 52 जवानों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

एयरफोर्स के 9 ऑफिसर को वीर चक्र दिया गया है। इनमें ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले फाइटर पायलट भी शामिल हैं। वीर चक्र युद्ध के समय दिया जाने वाला तीसरा सबसे बड़ा वीरता पदक है। वहीं एयरफोर्स के 13 अधिकारियों को युद्ध सेवा मेडल और 26 अधिकारी-वायुसैनिकों को वायु सेना मेडल दिया गया है। वहीं वाइस चीफ आफ एयर स्टाफ एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी समेत एयरफोर्स के 4 आफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इंडियन आर्मी के 18 जवानों को वीरता मेडल से सम्मानित किया है।

**ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले 9 फाइटर पायलट-ऑफिसर को वीर चक्र**

भारतीय सेना के अधिकारी ने बताया कि 2 सीनियर इंडियन आर्मी आफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। वहीं 4 कीर्ति चक्र, 4 वीर चक्र और 8 शौर्य चक्र दिए गए हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 16 जवानों को गैलेंट्री मेडल दिया गया है। बीएसएफ देश की पहली सुरक्षा लाइन है, जो 2290 किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान सीमा और पश्चिमी इलाके में एलओसी की निगरानी और रक्षा करती है। ऑपरेशन के दौरान बीएसएफ के दो जवान शहीद और सात घायल हुए। इसके अलावा पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी मेडल से सम्मानित किया है। इनमें जम्मू-कश्मीर पुलिस के 128, सीआरपीएफ के 20 और छत्तीसगढ़ पुलिस के 14 पदक शामिल हैं।

## यूपी के 16 पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति के हाथों मिलेगा वीरता पदक




**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति की तरफ से उत्तर प्रदेश के 16 पुलिस अधिकारियों को वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों में एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही भी शामिल हैं।

शाही बीते साल दो सितंबर 2024 को सुल्तानपुर में मोस्ट वांटेड मंगेश यादव के एनकाउंटर के बाद चर्चा में आए थे। इस एनकाउंटर में शाही चप्पल पहने हुए एनकाउंटर सपोर्ट नजर आए थे। स्वतंत्रा दिवस के मौके पर जिन 16 पुलिस कर्मियों को गैलेंट्री अवार्ड से नवाजा जाएगा, उसमें मनीष प्रताप सिंह चौहान इंस्पेक्टर, अक्षय प्रवीर कुमार त्यागी सब इंस्पेक्टर कांस्टेबल, राजन कुमार कांस्टेबल, मुकेश सिंह डिप्टी सुपरिन्टेंडेंट ऑफ पुलिस, दीपक कुमार सिंह इंस्पेक्टर, हेमंत भूषण सिंह हेड कांस्टेबल, विनोद कुमार हेड कांस्टेबल, प्रमोद कुमार सब इंस्पेक्टर, मुकेश कुमार हेड कांस्टेबल, अरुण कुमार हेड कांस्टेबल ट्विंकल हेड कांस्टेबल, सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ़ पुलिस अजय कुमार शाही (आईपीएस) सब इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ़ पुलिस धर्मेश कुमार शाही, हेड कांस्टेबल यशवंत सिंह, हेड कांस्टेबल नीरज कुमार पांडे का नाम शामिल है।

**विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर सीएम ने किया प्रहार**

# कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति ने देश को तोड़ाः योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1947 के विभाजन को कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति का काला अध्याय करार देते हुए कहा कि इस भीषण त्रासदी ने सनातन भारत की एकता को तोड़कर देश को पीड़ा दी। उन्होंने कहा कि आज 14 अगस्त 1947 की विभाजन विभीषिका को याद करते हुए पूरा देश शोकाकुल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में इस दिन को स्मृति दिवस घोषित कर इतिहास को जीवंत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और देशवासियों को इतिहास से सबक लेने का आह्वान किया। प्रदर्शनी में विभाजन के बाद उपजी हिंसा और उससे प्रभावित लोगों से संबंधित डिजिटल आर्काइव फोटो, अखबार कतरनें, राजकीय अभिलेख और विस्थापित परिवारों की संरक्षित सामग्री के जरिए युवाओं को तुष्टिकरण की कीमत उस दौर की वेदना से अवगत कराया गया। योगी ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को गले लगाया, लेकिन कांग्रेस ने सत्ता लालच में देश का बंटवारा कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिमी पाकिस्तान के लाहौर, कराची, रावलपिंडी, मुल्तान जैसे क्षेत्रों को हिंदू, सिख और बौद्ध विहीन बनाने का अभियान कांग्रेस की नीति का नतीजा था। इस हिंसा में 15-20 लाख लोगों की जान गई और करोड़ों विस्थापित हुए। सीएम योगी ने कहा कि यह अत्याचारों की पराकाष्ठा थी, जिसे कांग्रेस ने बढ़ावा दिया। कांग्रेस पर विस्थापितों के प्रति उदासीनता का भी आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जो हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई समुदाय के लोग घर-बार छोड़कर आए, उनके

### परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ने विपक्ष को बनाया कूप मंडूप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवार डेवलपमेंट अर्थारिटी ने समूचे विपक्ष को कूप मंडूप बना दिया है। विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में अपने साढ़े आठ साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए विपक्ष को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने 1947 से 2017 तक विपक्षी दलों के शासनकाल की तुलना अपनी सरकार के 2017 से 2025 तक के कार्यकाल से की और विपक्ष पर परिवारवादी सोच को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

### कानून-व्यवस्था के मॉडल के रूप में उभरा है उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 2017 तक उत्तर प्रदेश असुरक्षा और उच्च अपराध दर से जूझता रहा जबकि उनकी सरकार ने प्रदेश को भयमुक्त, निवेश-अनुकूल और समाज को सुरक्षित बनाने में सफलता हासिल की है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन सदन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के मॉडल के रूप में उभरा है, जो निवेशकों और नागरिकों के लिए सुरक्षित माहौल प्रदान करता है।

# भाजपा ने साबित किया पिछड़ गया यूपीः अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र ने पहली बार 24 घण्टे सदन चलाने का रिकार्ड बनाने पर प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने 24 घंटे का सदन चलाकर साबित कर दिया है कि वो प्रदेश चलाने में कितना पिछड़ गए हैं, इसीलिए चौबीसों घंटे काम करने की बात कर रहे हैं।

यादव ने एक्स पर मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के झपकी लेने और विपक्षी नेताओं के सेल्फी लेने का वीडियो शेयर करते हुए लिखा- सोती रही सरकार, जागता रहा विपक्ष। भाजपा ने 24 घंटे का सदन चलाकर साबित कर दिया है कि वो प्रदेश चलाने में कितना पिछड़ गए हैं, इसीलिए चौबीसों घंटे काम करने की बात कर रहे हैं। भाजपा सरकार बताए कि उसके मुखिया से लेकर मंत्री व कितने विधायक चौबीसों घंटे उपस्थित रहे। उन्होंने लिख- जनता 24 घंटे सदन चलाने के पीछे का तर्क पूछ रही है।

### अखिलेश को नहीं दिखते पीड़ितों के आंसूः पूजा पाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ पर समाजवादी पार्टी से निकाली गई इलाहाबाद पश्चिमी सीट से विधायक पूजा पाल ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि अखिलेश को 30 साल से पीड़ित पीड़ितों के आंसू नहीं दिखे, जब माफिया के बच्चे मर रहे हैं, तो दिख रहा है।



**सेंसेक्स** 80597.66
**निफ्टी** 24631.30



**सोना रु.** 99971
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 115100
प्रति किलो



# लिवाली से मजबूत हुए प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**

बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए। कुल मिलाकर बाजार में निवेश धारणा कमजोर बने रहने के बावजूद एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई के साथ इंफोसिस और इटरनल जैसी कंपनियों में लिवाली से प्रमुख सूचकांक बढ़त में बंद होने में कामयाब रहे।

बीएसई का सेंसेक्स 57.75 अंक (0.07 प्रतिशत) चढ़कर 80,597.66 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 11.95 अंक यानी 0.05 प्रतिशत मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर 24,631.30 अंक पर रहा। वहीं मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली के कारण एनएसई का



निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक 0.44 प्रतिशत और स्मॉलकैप 100 सूचकांक 0.38 फीसद टूट गया। निवेशकों ने बैंकिंग के अलावा टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, आईटी और फार्मा कंपनियों में पैसा लगाया। वहीं धातु, एफएमसीजी और रियलिटी सेक्टरों में तेजी रही। विदेशों में एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.45 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.37 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 प्रतिशत चढ़ा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.48 प्रतिशत की तेजी में रहा जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.02 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था।

### यात्री वाहनों की बिक्री जुलाई में 0.2 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** दुपहिया वाहनों के खंड में अच्छे प्रदर्शन के कारण वाहन निर्माता कंपनियों ने इस साल जुलाई में घरेलू बाजार में 19,77,442 वाहन बेचे, जो जुलाई 2024 के 18,42,296 वाहनों की तुलना में 7.33 प्रतिशत अधिक है। यात्री वाहनों की बिक्री में एक साल पहले के मुकाबले जहां गिरावट दर्ज की गई, वहीं दुपहिया वाहनों में तेजी रही। भारतीय वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के आंकड़ों के अनुसार गत जुलाई में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 0.2 प्रतिशत घटकर 3,40,772 इकाई पर रह गई। दुपहिया के खंड में स्कूटरों की बिक्री में 16.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 6,43,169 इकाई रही। मोटरसाइकिल की बिक्री 4.7 फीसदी बढ़कर 8,90,107 इकाई पर पहुंच गई।

## सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 126 रुपए कम होकर 99,971 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। चांदी की कीमत भी आज 175 रुपए कम होकर 1,15,100 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,15,275 रुपए पर थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही। इस साल 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,809 रुपए बढ़कर 99,971 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 29,083 रुपए बढ़कर 1,15,100 रुपए पर पहुंच गया है।

## एसएंडपी ने भारत की रेटिंग बढ़ाकर 'बीबीबी' की

**नई दिल्ली, वार्ता**

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने आर्थिक मजबूत और सतत वित्तीय अनुशासन के मद्देनजर भारत की रेटिंग 'बीबीबी माइनस' से बदलकर 'बीबीबी' कर दी है। एसएंडपी ग्लोबल ने गुरुवार को बताया कि उसने भारत का परिदृश्य भी 'नकारात्मक' की जगह 'स्थिर' कर दिया है।

एजेंसी ने कहा कि भारत वित्तीय अनुशासन को प्राथमिकता दे रहा है, जो बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ आम लोगों को उनकी सीमा के भीतर वित्त उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता दिखाता है। उसने उम्मीद जताई कि अगले दो-तीन साल में अर्थव्यवस्था के बुनियादी कारक मजबूत बने रहेंगे जिससे विकास को गति मिलेगी। साथ ही मौजूदा मौद्रिक नीतियों के कारण मुद्रास्फीति प्रबंधन सही दिशा में जा रही है। एसएंडपी ग्लोबल ने कहा कि इन्हीं कारकों की वजह से उसने भारत की दीर्घावधि रेटिंग 'बीबीबी माइनस' से बढाकर 'बीबीबी' और आउटलुक स्टेबल कर दिया गया है। इसके अलावा अल्पकालिक रेटिंग 'ए-2' से बढ़ाकर ए-3 कर दी गई है। हालांकि स्थानांतरण एवं परिवर्तनीयता आकलन 'ए माइनस' से घटाकर 'बीबीबी प्लस' कर दिया गया है। एजेंसी का कहना है कि सतत नीतिगत स्थिरता और बुनियादी ढांचे पर भविष्य के लिए परिदृश्य स्थिर है, जो देश की दीर्घावधि विकास यात्रा में सहायक होगा। उसने कहा कि अगले दो साल में नीतिगत और मौद्रिक उपायों से सरकार पर ऋण का बोझ कम होगा, जिसे रेटिंग में और सुधार आएगा। साथ ही उसने चेतावनी दी कि राजनीतिक प्रतिबद्धता कम होने पर वह रेटिंग घटा सकती है और यदि राजकोषीय घाटा कम होता है, तो वह रेटिंग बढ़ा भी सकती है। उसने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और साल 2022 से 24 तक उसकी औसत विकास दर 8.8 प्रतिशत रही।

# भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करें छात्रः राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यहां अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के आदिवासी समुदायों के 30 मेधावी छात्रों के साथ बातचीत की और उनसे राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने की दिशा में काम करने को कहा।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये बच्चे अंडमान और निकोबार कमान की सात दिन की राष्ट्रीय एकता यात्रा 'आरोहण: द्वीप से दिल्ली' के अंतर्गत यहां आए हैं। ये छात्र शुक्रवार को लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के भी साक्षी बनेंगे। छात्रों के साथ बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री ने मानवीय मूल्यों के महत्व पर ज़ोर दिया और उन्हें व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण पहलू बताया। उन्होंने छात्रों से मानवीय मूल्यों में दृढ़ रहने और शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अपने चरित्र निर्माण पर भी समान रूप से ज़ोर देने का आह्वान किया। सिंह ने छात्रों से हर चुनौती का आत्मविश्वास और निडरता से सामना करने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को आने वाले समय में भारत को सबसे शक्तिशाली राष्ट्रों में से एक बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

बातचीत के दौरान प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और एकीकृत रक्षा स्टाफ के अध्यक्ष एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित थे।

### स्मृति दिवस पर राजनाथ और अमित शाह की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 1947 में भारत के विभाजन की भयावहता को याद करते हुए उस विभाजन में जान गंवाने लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आजादी के बाद विभाजन का दंश झेलने वाले लोगों को याद करते हुए देश में हर वर्ष 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाया जाता है। इस अवसर पर सिंह ने देश के इतिहास के उस 'दर्दनाक अध्याय' को याद करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर 1947 के उस दर्दनाक अध्याय को याद करते हुए मैं उन सभी भाइयों और बहनों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्हें भारत के विभाजन के बाद नफरत और हिंसा के भयावह परिणामों को सहना पड़ा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं












































































































# फांसी पर लटका मिला विवाहिता का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** चौरावाला मे विवाहिता का शव छत मे लटका मिला। मायका पक्ष ने हंगामा कर कार्रवाई की मांग पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला मे अम्बेडकर नगर मोहल्ले मे गुरुवार की सुबह सवेरे मोनी कुमार की पत्नी 27 वर्षीय बॉबी का शव घर की छत मे पंखे के हुक से लटका मिला। जिसके बाद हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका बॉबी की शादी चार वर्ष पूर्व हुई थी। मृतका अपने पीछे ढाई वषह्लय पुत्र निहांश व नो माह के दूध मुहे बालक को छोड़ गयी है। बॉबी का मायका बिजनौर जनपद के थाना हल्दोर के गांव निवादा मे है। मायका पक्ष ने ससुरालजनो पर डोली की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने बताया की मामले मे कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

## आधी रात हथियारबंद युवक ने फैलाई दहशत

**खतौली।** खतौली भूड़ चुनना भटी कॉलोनी की गलियों में बुधवार की देर रात गोलियों की आवाज और हथियार लहराते एक युवक का मंजर देख लोग सहम गए। रात करीब 12 बजे एक युवक खुलेआम हाथों में तमंचा लहराते हुए कॉलोनी में घुस आया और फायरिंग कर दी। अचानक हुई इस हरकत से इलाके में अफरातफरी मच गई और लोग डर के मारे घरों में दुबक गए। पीड़ित शानवाज पुत्र सरफराज ने कोतवाली में तहरीर देते हुय आरोप लगाया कि आरोपी युवक न सिर्फ फायरिंग कर रहा था, बल्कि उसके पिता को तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दे रहा था। शानवाज के अनुसार, यह युवक लंबे समय से उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की कोशिश में है, जिससे घर के सभी सदस्य दहशत में हैं। वारदात का पूरा ख्रश्य कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया, जिसमें आरोपी युवक हाथ में तमंचा लिए बेखौफ घूमता और फायरिंग करता साफ दिखाई दे रहा है। घटना के बाद कॉलोनी में दहशत का माहौल है। सूचना मिलने पर पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# पालिका लाइट खरीद घोटाले में हाई कोर्ट का स्टे

## शिकायत करने वाले सभासद को भी नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका के पथ प्रकाश विभाग में एलईडी स्ट्रीट लाइट की खरीद घोटाले प्रकरण के मामले में पूर्व में एक भाजपा सभासद की फर्म के खिलाफ दी गई शिकायत के आधार पर हुई जांच के बाद टैण्डर निरस्त करने के साथ ही फर्म को ब्लेकलिस्ट करने के आदेश को हाईकोर्ट ने स्टे कर दिया है। इसके साथ ही शिकायत करने वाले सभासद को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा गया है, वहीं अन्य सभी पक्षकारों को भी चार सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने के लिए कहा गया है।

दरअसल, नगरपालिका की ओर से एलईडी स्ट्रीट लाइट खरी. दने के लिए टैण्डर निकाला था, जिसमें एसएस एंटरप्राइजेज की निविदा को स्वीकार किया गया था। फर्म को वर्क ऑर्डर जारी किया गया था और फर्म द्वारा पालिका को आपूर्ति के लिए एलईडी लाइटों की खरीद भी कर ली गई थी।

इसी दौरान भाजपा सभासद देवेश कौशिक ने फर्म द्वारा आपूर्ति की जा रही एलईडी लाइटों को शर्तों के अनुरूप नहीं होने का दावा करते हुए जांच कराने की मांग कर अधिशासी अधिकारी को शिकायत की थी। इसके बाद जांच में सभासद की शिकायत को सही मानते हुए पालिका प्रशासन ने 16 दिसम्बर 2024 को फर्म को स्वीकृत टैण्डर निरस्त करते हुए आगामी निविदाओं में प्रतिभाग करने के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया था। इसके बाद दूसरी निविदा में श्री गुरूकृपा फर्म का चयन 28 मार्च 2025 को एलईडी लाइट आपूर्ति के लिए किया गया, लेकिन वो भी जांच के फेर में अधर में लटका हुआ है। इसके खिलाफ एसएस एंटरप्राइजेज की ओर से पालिका प्रशासन के आद. ेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका संख्या 27012/2025 दायर चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विनय खरे और उनके सहायक राजीव कुमार सैनी ने तर्क कोर्ट के समक्ष रखे। हाईकोर्ट के न्यायाधशी सरल श्रीवास्तव और अरूण कुमार सिंह की खंडपीठ ने 12 अगस्त को जारी अपने आदेश में याचिकाकर्ता की दलीलों को सुनते हुए उनको राहत प्रदान की। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिका पर सुनवाई के तहत न्यायालय के अगले आदेश तक एसएस एंटरप्राइजेज फर्म के खिलाफ पालिका प्रशासन की ओर से 16 दिसम्बर 2024 को जारी किये गये आदेश का प्रभाव और संचालन स्थगित रहेगा।

## एसएफ डीएवी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी का पर्व

**मंसूरपुर।** एस.एफ. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, मंसूरपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व अत्यंत उत्साह, भक्ति और भव्यता के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य ए.के. मोहन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय का वातावरण श्रीकृष्ण भक्ति के रंग में रंग गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण के मनमोहक रूप में मंच पर आगमन किया, जिससे उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो उठा। छात्र-छात्राओं ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं जैसे माखन चोरी, एवं रासलीला को मनभावन नृत्यों और नाटङ मंचन के माध्यम से प्रस्तुत किया।प्रधानाचार्य ए. के.मोहन ने मिश्री माखन का प्रसाद वितरित किया। तथा सभी छात्र एवं छात्राओं को आशीर्वाद दिया और कार्यक्रम की सफलता के लिए शिक्षकों सराहना की।

# रेप व हत्या में मनवीर को उम्रकैद, जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गत 25 जनवरी 2025 को थाना मंसूर पुर इलाके में कमरे के बाहर खेल रही 6 साल की बालिका को अपने कमरे में ले जाकर बलात्कार के बाद गला दबा कर हत्या के मामले में आरोपी मनवीर को उम्रकैद व 90 हजार 500 रुपये का जुर्माना किया गया है।

कोर्ट ने त्वरित गति से सुनवाई कर 3 माह 19 दिन मे मामले का निस्तारण किया है मामले की सुनवाई विशेष अदालत पॉस्को की पीठासीन अधिकारी अल्का भारती की कोर्ट में हुई कोर्ट ने धारा 103 बीएनएस मे उम्रकैद 40 हजार रुपये जुर्माना, धारा पॉस्को मे उम्रकैद 40 हजार रुपये जुर्माना, धारा 137 मे 3 वर्षा दस हजार रुपये का जुर्माना, धारा 127 मे 6 वर्ष व500 रुपये का जुर्माना किया गया हे अभियोजन पक्ष की ओर से शासकीय अधिवक्ता दीपक गोतम ,विक्रांत राठी ने दस गवाह पेश कर पेर रवि की। अभियोजन पक्ष के अनुसार आरोपी मनवीर मूल रूप से असम का निवासी था और यहां कमरा लेकर रह रहा था कमरे के बाहर 6 साल की मासूम बालिका जो खेल रही थी को अपने कमरे में ले जाने के बाद बलात्कार किया और बाद में गला दबा कर हत्या के बाद कमरे का ताला लगा कर फ़रार होगया बालिका न मिलने पर तलाश किया तो बंद कमरे में बालिका का शव मिला जिसका गुप्तांग मे चोट के निशान थे ।

## स्वतंत्रता दिवस पर निकली तिरंगा यात्रा

**खतौली।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस ने नगर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। कोतवाली से प्रारंभ हुई यह यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए गंग नहर तक पहुंची और फिर वापस कोतवाली पर आकर सम्पन्न हुई। इस दौरान पुलिसकर्मी हाथों में लहराता तिरंगा थामे, देशभक्ति गीतों की धुन पर कदमताल करते और ह्भारत माता की जय के नारों से वातावरण को देशप्रेम से सराबोर करते दिखाई दिए। यात्रा की अगुवाई एसडीएम राजकुमार भारती और सीओ रामाशीष यादव ने की। कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा सहित सैकड़ों पुलिसकर्मी पूरे उत्साह के साथ इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बने। पुलिस की यह तिरंगा यात्रा जब नगर की गलियों जीटी रोड से गुज़री, तो जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने फूल बरसाकर और तिरंगे को सैल्यूट कर उनका स्वागत किया। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी तिरंगे की शान में खड़े होकर पुलिस के जज़्बे को सलाम करते नज़र आए।

# पार्टी को मजबूत करने पर की गई चर्चा



**बुढ़ाना।** कस्बे में आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक बैठक पार्टी के बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम के आवास पर आयोजित की गयी। जिसमें जिला पंचायत मुजफ्फरनगर के वार्ड नंबर 22 से पार्टी के संभावित उम्मीदवार हामिद राना को वार्ड नंबर 22 मे और पार्टी को मज़बूत करने की नीति पर जोरदार चर्चा की गयी।

जिसमें मुख्य रूप से बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम, ज़िला महासचिव आज़म फारुकी, बुढ़ाना महासचिव अब्दुल बाहब, बुढ़ाना विधानसभा कोषाध्यक्ष कादिर सिद्दीकी और अब्दुल कादिर सहित अन्य कई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# जेडी ने निरीक्षण कर राजकीय पुस्तकालय की व्यवस्थाओं को परखा

## डीआईओएस के साथ औचक निरीक्षण किया

**मुजफ्फरनगर।** राजकीय पुस्तकालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जेडी ने पुस्तकालय में पुस्तकों के रखरखाव सहित पुस्तकों के प्रकार की जांच की। निरीक्षण के दौरान जेडी ने वहां बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ पाठकों की संख्या का भी बारीकी से देखा।

गुरुवार की सुबह सहारनपुर के संयुक्त शिक्षा निदेशक राणा सहस्रांसु कुमार सुमन डीआइओएस राजेश श्रीवास के साथ महावीर चौक स्थित राजकीय पुस्तकालय पहुंचे उन्होंने राजकीय जिला पुस्तकालय का औचक निरीक्षण कर वहां पुस्तकालय की व्यवस्थाओं और रखरखाव देखते हुए यहां की व्यवस्था को बेहतर बताया। उन्होंने डिजीटल लाइब्रेरी को अपडेट करने के निर्देश देते हुए पुस्तकालय प्रभारी डा. रणवीर सिंह द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय को और अधिक बेहतर बनाने के सुझाव भी दिए। पुस्तकालय प्रभारी डा. रणवीर सिंह ने बताया कि पुस्तकालय की सुविधाओं को लगातार बेहतर किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।

## शत्रु सम्पत्ति को बेचने की शिकायत पर गांव पहुंची टीम

**भोपा।** गांव सीकरी निवासी गुलाम मोहम्मद ने उपजिलाधिकारी जानसठ को शिकायत पत्र देकर बताया की गांव के खसरा नंबर 1991शत्रु सम्पत्ति है। जिसपर दो व्यक्तियों ने अवैध रूप से कब्जा कर उसका बैनामा अपनी पत्नियों के नाम करने के कारनामें को अंजाम दिया है। शिकायतकर्ता गुलाम मोहम्मद ने बताया की बार बार शिकायत के बावजूद प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।वहीं बुधवार को तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता नायब तहस. ीलदार बृजेश कुमार राजस्व निरिक्षक सुनील कुमार आदि ने मौके पर जाकर निरिक्षण किया। सुनील शर्मा ने बताया की दोनों पक्षों को भूमि संबधित दस्तावेज देने तथा दोनों पक्षों को तहसील कार्यालय, शत्रु सम्पत्ति कार्यालय पर मे आकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। जिसके बाद अधिकारियो द्वारा जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# सपा नेता सत्येंद्र पाल ने कई गांवों में किया धुआंधार जनसंपर्क



**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के गांव बवाना, नगवा, अटाली, सफीपुर और कस्बा बुढ़ाना में पहुंचे वरिष्ठ सपा नेता सत्येंद्र पाल ने सभी ग्राम और कस्बेवासियों को जहां एक और स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुभकामनाएं दी।

वहीं दूसरी और उन्होनें आगामी 17 अगस्त को कस्बा बुढाना के फ़ैज़ गार्डन में आयोजित पीडीए जन पंचायत का भी निमंत्रण दिया। सपा नेता सत्येंद्र पाल ने उक्त गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभाएं भी की और सभी लोगों से 17 अगस्त को ज्यादा से ज्यादा संख्या में फ़ैज़ गार्डन में होने वाली जनसभा में पहुंचने को कहा। उन्होंने अपनी नुक्कड़ सभाओं में भाजपा को जमकर कोसा और कहा कि भाजपा शासन में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के अलावा हर जाति पीड़ित हैं।

इस बार प्रदेश में बदलाव होगा और अखिलेश यादव एक बार फिर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। सभी ग्रामीणों ने सपा नेता सत्येंद्र पाल से वादा करते हुए कहा कि वे पीडीए पंचायत में भारी संख्या में अवश्य पहुचेंगे। इस दौरान समा. जवादी पार्टी के जिला सचिव अनेश निर्वाल, रविन्द्र प्रधान, रोहताश बालियान, रविन्द्र पाल, सचिन कुमार, फ़िरदौस, राहुल कश्यप, अमित कुमार प्रजापति, राजीव बालियान के अलावा सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# शारदेन स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया



**मुजफ्फरनगर।** शारदेन स्कूल के प्रांगण में श्री कृष्ण जन्माष्टमी से दो दिन पहले श्री कृष्ण की लीलाओं की धूम रही। कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर महोदय प्रधानाचार्य जी एवं अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अतिथी का स्वागत तिलक लगाकर एवं पुष्प माला पहनाकर किया गया। उसके पश्चात विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रैंप वॉक कराई गई। सभी छात्र बाल गोपाल, राधा कृष्ण , बलराम और सुदामा की पोशाक पहनकर स्कूल पहुंचे। छोटे-छोटे बच्चों ने कान्हा के रूप में मटकी तोड़ी और एक दूसरे को माखन मिश्री खिलाई । राधा कृष्ण की झांकियां प्रस्तुत की। माताओ ने अपने बाल राधा कृष्ण की सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की। झांकियां को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था, जैसे धरती पर साक्षात नंद बाबा और यशोदा जी के साथ राधा कृष्ण जी उतर आए हो, उनकी इन बालकृतियों ने सभी को भाव विभोर कर दिया। श्री कृष्ण की लीलाओं पर आधारित कक्षा 8 के छात्रों द्वारा नृत्य पेश किया गया। ष्बंशी बाज. ेगी राधा नाचेगीष्गीत पर माताओ के द्वारा मनमोहक नृत्य पेश किया गया। कक्षा एक के छात्रों द्वारा बरसाना की छोरी गीत पर बहुत सुंदर नृत्य की प्रस्तुति की गई और उसके बाद छात्रों द्वारा दही हांडी कार्यक्रम में मायरा, सामय, अधीर, त्रिजल, जसमीत, अन्वी, कबीर, ध्यान, रुद्राक्ष, दिव्यांश, बिरवंश, इनाया, शाश्वत, भार्गवी, अविका इत्यादि सभी छात्रों ने ग्वालो के रूप में अपना मनमोहक प्रदर्शन दिया।शारदेन किड्स के नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा रैंप वॉक प्रस्तुत किया गया। सभी छोटे-छोटे कान्हा बहुत ही सुंदर लग रहे थे और अपनी प्रस्तुति से सबको अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। इसके साथ ही शारदेन किड्स के नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया और कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस कार्यक्रम में जोबनप्रीत, पारीक्षा मदान, वाणी, दिशा, अथर्व ,विभूति, दिवित,पाथ चोपड़ा, अभिनव, मनीष, आदित्य, वेदिका, राघव तथा शारदेन किड्स के एल के जी क्लास के छात्रों ने धामा बजाज, अर्जुन राणा ,युग शर्मा, फतेह सिंह,शिवाय रहेजा ने प्रतिभाग किया। एलकेजी येलो के छात्रों ने ष्माखन चोर पर बानी, अमेरा, ईनारा, विहान, मिदद, सूची, मान्या,सेजन, तृषा, शौर्य, अंजू, निवान, गुरबाणी, आदित्य, शायला ने नृत्य प्रस्तुत किया।

# चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने मिल अधिकारियों संग किया नदी का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना की महिला चेयरपर्सन के प्रतिनिधि और डीसीडीएफ के पूर्व चेयरमैन सुबोध त्यागी ने आज बृहस्पतिवार के दिन बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल लिमिटेड भसाना के वाइस प्रेजिडेंट, जीएम, नगर पंचायत बुढ़ाना के सभासद नितिन शर्मा और दीपक प्रजापति के साथ बुढ़ाना कस्बे की हिंडन नदी पर पहुंचकर हिंडन नदी में लगातार बढ़ रहे जल स्तर का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और हिंडन नदी के पास रह रहे व्यक्तियों को सचेत रहने को कहा।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना बांगर में हिंडन नदी के जल स्तर में वृद्धि के कारण सुबोध त्यागी ने शुगर मिल के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया और नदी के पास रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। बताया जाता है कि बुढाना बांगर में हिंडन नदी के जलस्तर में वृद्धि की खबर मिलने के बाद अधिकारियों ने तुरंत मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। यह निरीक्षण नदी के किनारे रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया गया था। एक अधिकारी ने कहा कि नदी के पास रह रहे लोगों को सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहने की सलाह दी गई और आग्रह किया कि वे नदी किनारे न जाएं अपने घरों में ही रहें।

# कुन्दकुन्द जैन इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया कुरुक्षेत्र पैनरोमा व विज्ञान केंद्र का शैक्षिक भ्रमण

**शाहटाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** श्री कुन्दकुन्द जैन इंटर कॉलेज के मानक क्लब के पचास छात्र-छात्राओं ने कुरुक्षेत्र ॑हरियाणाॽ स्थित पैनरोमा एवं विज्ञान केंद्र का शैक्षिक भ्रमण किया।

यह भ्रमण भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून के निर्देशन में तथा एसपीओ सरिता त्रिपाठी के संच. ालन में आयोजित हुआ। विज्ञान केंद्र में बच्चों ने विज्ञान शो, तारामंडल शो और थ्री-डी शो का आनंद लिया। केंद्र में भारत की विज्ञान विरासत के जीवंत प्रदर्शन और दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले वैज्ञानिक सिद्धांतों के प्रायोगिक मॉडल ने सभी को आकर्षित किया। मेंटर मदन गोपाल ने विभिन्न प्रयोगों की व्याख्या भारतीय मानकों के आधार पर करते हुए छात्रों को वैज्ञानिक ख्रष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सेल्फी पॉइंट पर फोटो खींचकर तिरंगा पोर्टल पर अपलोड कर प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। जिला समन्वयक राजीव वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की क्षमता को विकसित करते हैं। इस भ्रमण में मेंटर राज. कुमार जैन, अजय जैन, नीतू जैन और प्रतिज्ञा जी का विशेष सहयोग रहा। प्रधानाचार्य अनुराग जैन ने भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा का आभार व्यक्त किया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपनी पुत्री का नाम ZIYA से बदलकर ZIYA CHOUDHARY रख लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को ZIYA CHOUDHARY के नाम से जाना व पहचाना जाए।
MOHD ISRAN
S/o MOHD KHURSHEED
R/o 91 KIDWAINAGAR
MUZAFFARNAGAR.

# छात्रों को यातायात के नियमों की जानकारी दी



**मुजफ्फरनगर।** जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में छात्रों को ' सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत करते हुए यातायात के नियमों से अवगत कराने के लिए उत्तर प्रदेश यातायात परिवहन विभाग द्वारा पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार चौबे ने अपने संरक्षण में एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया । इसमें छात्रों को सड़क पर चलने एवं वाहन चलाते समय ध्यान रखने योग्य नियमों का ज्ञान कराया गया।जैसे - यातायात का प्रमुख नियम है,बायीं ओर चलना, निर्धारित गतिसीमा का पालन करना आदि। साधारणतरू सड़क पर वाहनों की किलोमीटर प्रति घण्टे की गति को आदर्श माना जाता है। वर्ष से कम आयुवर्ग के लिए गियरवाली गाड़ी प्रतिबन्धित है। अत: इससे कम आयु के लोग उनका प्रयोग न करें। यातायात के संकेतों का पालन करें। सड़क पर वाहन चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन का रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।और भी अनेक नियम उनके द्वारा छात्र को बताए गए। इसी के साथ अग्निशमन विभाग की ओर से निषित जैन व अन्य सह-कर्मियों के द्वारा छात्रों को आग बुझाने का तरीका सिखाया। विद्यालय के छात्रों एवं सुरक्षा कर्मियों ने गैस सिलेंडर में आग लगाकर उसे बुझाने का तरीका सिखाया । इसके अलावा अग्निशमन कर्मियों ने छात्रों को विभिन्न प्रकार के ज्वलनशील पदार्थों से अवगत कराया तथा उनसे लगने वाली आग को बुझाने के तरीकों को भी बताया। छात्रों से यह अपील भी की कि वह यह जानकारी अपने घर परिवार तथा समाज तक

# स्वतंत्रता दिवस पर गैलेन्टी पदक से सम्मानित होंगे पुलिसकर्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रतिवर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति भारत गणराज्य तथा पुलिस महानिद. ेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी उत्कृष्ठ सेवाएं देकर गौरावन्वित करने वाले पुलिसकर्मियों को गैलेन्ट्री पदक तथा प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित किया जाता है।

स्वतंत्रता दिवस-2025 के अवसर पर जनपद मुजफ्फरनगर से दिनेश चन्द, प्रभारी निरीक्षक थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को राष्ट्रपति गैलेन्ट्री पदक से सम्मानित किया जाएगा

जबकि संजय कुमार वर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फनगर को पुलिस महा. निदेशक प्रशंसा चिन्ह (गोल्ड),रूपाली राव, क्षेत्रधिकारी फुगाना, गजेन्द्रपाल सिंह, क्षेत्रधिकारी बुढाना, उनि धर्मराज यादव, साइबर थाना, मुजफ्फरनगर, उनि अखिल चौधरी, एसओजी, अवधेश कुमार, साइबर थाना, ब्रहमप्रक. ाश, एसओजी, मुजफरनगर को पुलिस महानिदेशक प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर) से सम्मानित किया जाएगा।

# इन्द्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन



**मोरना।** इन्द्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। विद्यालय प्रांगण में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजय कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विविध प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्मिय बना दिया।

कार्यक्रम में राधा-कृष्ण फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, मटकी व बांसुरी सजावट, डांस प्रतियोगिता, दही-हांडी और कार्ड मेकिंग जैसी रंगारंग गतिविधियां आयोजित की गईं। कक्षा 7 की छात्राओं ने छोटी छोटी गैया छोटे छोटे ग्वाल और राधा तेरी चुनरी जैसे गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं श्यामा आन बसो और माशअप गीतों पर हुई प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरीं। छात्र छात्राओं ने सुंदर सजावट प्रस्तुत की। कार्ड मेकिंग में अर्णव, परमहंश, सोम्या, वेदांश, यश बालियान, अनिका, अक्ष, प्रियांश, गर्वित और काव्या के कार्ड आकर्षण का केंद्र रहे।विद्यालय प्रबंधक विराज तोमर ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के मनोबल और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं।

**NAME CHANGE**

I, IMRANA, resident of 860/28, Gali no.2, Amba vihar, Muzaffarnagar, Uttar Pradesh-251001, have changed my minor son's name from Mohd Saim to Mohammad Saim Chaudhary. Hence forth he would be known by the name of Mohammad Saim Chaudhary for all future purposes.

# पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

**मोरना।** भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला हरिजन चौक निवासी रजनीश पुत्र नेमपाल बीते 11 अगस्त की रात लगभग 10 बजे बाइक से अपने मामा निवासी नंगला कोयल जिला हरिद्वार के लिए कहकर गया था लेकिन वह वहां नहीं पहुंचा। आरोप है कि जैसे ही वह रहमतपुर-गडवाड़ा मार्ग पर पहुंचा तो तीन व्यक्तियों ने रजनीश के साथ मारपीट करते हुए अपहरण कर लिया।

परिजनों ने ग्रामीणों के साथ भोकरहेडी बस स्टैंड पर जाम लगा कर हंगामा करने लगे पुलिस ने शीघ्र ही युवक की बरामदगी का आश्वा. सन देकर जाम खुलवाया गुरुवार की सुबह थाना प्रभारी ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में भोपा पुलिस ने गडवाड़ा के जंगल में ड्रोन व डॉग स्क्वायड व फोरेनसिक टीम की सहायता से सर्च अभियान चलाया क्षेत्राधिकार भोपा देवव्रत वाजपेई ने बताया कि मामले में बिट्टू गड़वाडा के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया गया है।तथा डॉग स्कवायड से कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। शीघ्र युवक को बरामद कर घटना का खुलासा किया जायेगा।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा पुत्र सलमान व उसकी पत्नि रूखसार मेरे व मेरे परिवार वालों के कहने सुनने में नही है तथा मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अक्सर लडाई झगडा व अभद्र व्यवहार करते है। आज से मेरे व मेरे परिवार वालों का पुत्र सलमान व उसकी पत्नि रूखसार से कोई मतलब या वास्ता नही रहा है तथा मै उन्हे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे अपने समस्त पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद करता हूॅ यदि कोई उनसे कोई लेन-देन करता है अथवा ये दोनों कोई गैर कानूनी कार्य करते है तो उसके लिए वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारी कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**शफीक पुत्र शेरखान**
**निवासी ग्राम जसोई थाना तितावी**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

## गंगनहर पटरी मार्ग पर हुआ हादसा, चार अन्य भी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** जौली -भोपा गंग नहर पटरी मार्ग पर बुधवार देर रात दो बाईको मे भिड़ंत हो गयी। जिसमें बाईको पर सवार चार युवक घायल हो गये। घायलों को भोपा अस्पताल लाया गया। जहां दो युवकों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

मुज़फ्फरनगर के थाना कोतवाली क्षेत्र के शिवपुरी निवासी 22 वर्षीय संचित उर्फ़ सन्नू पुत्र संजीव शर्मा बाईक द्वारा भोपा से जौली की ओर जा रहा था। दूसरी ओर से कोतवाली थाना खतौली क्षेत्र के गांव खानजहांपुर निवासी 25 वर्षीय राजन पुत्र मुकेश अपने





साथियो आश्वनी पुत्र राजेश निवासी गांव खेड़ीकुरैश,दीपक पुत्र राजपाल निवासी शेखपुरा कॉलोनी खतौली एक बाइक पर सवार होकर जौली की ओर से भोपा की ओर जा रहे थे।

तभी दोनों मे तेज़ भिड़ंत हो गयी। जिसमें चारो युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गये घायलों को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के लिए लाया गया।जहां चिकित्सक ने संचित को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल राजन, दीपक, अश्वनी को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।जहां राजन की मौत हो गयी।

पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक राजन बाईक लेमिनेशन का कार्य करता था। राजन के परिवार मे पत्नी खुशी व नो माह के दूध मुंहे पुत्र के आलावा पिता मुकेश, माता बिन्नो, भाई राहुल व बहन रजनी,रवीना हैं।वहीं मृतक संचित बी कॉम का छात्र बताया गया है।संचित के परिवार मे माता रेखा शर्मा, भाई संजीव, मयंक,शिवम बहन छवि हैं।

# माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में अलंकरण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल का अलंकरण समारोह उत्साह, अनुशासन और गरिमा के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना से हुआ, जिससे पूरे प्रांगण में ज्ञान और ऊर्जा का माहौल निर्मित हो गया।

इस विशेष अवसर पर हेड बॉय में प्रसन्न, हेड गर्ल स्निग्धा , वाइस हेड बॉय आरव , वाइस हेड गर्ल ग्रेसी ,स्पोर्ट्स कैप्टन जयंत , आशी चौधरी सहित चारों सदनों के कैप्टन और अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। नवनिर्वाचित छात्र नेताओं ने मंच से वचन दिया कि वे विद्यालय की प्रतिष्ठा को बनाए रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ करेंगे। विद्यालय निर्देशिका चारु भारद्वाज, संयुक्



निदेशक सुनंद सिंघल एवं डॉ. के. जी. अरोड़ा ने विजयी छात्रों को शुभाशीष और प्रेरक संदेश प्रदान करते हुए कहा कि एक सच्चा नेता वही है जो स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करे और दूसरों को भी प्रेरित करे। अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस समारोह की शोभा बढ़ाई और विद्यार्थियों के उत्साह को दोगुना कर दिया। विद्यालय परिवार को पूर्ण विश्वास है कि यह नई छात्र परिषद विद्यालय की प्रगति और अनुशासन में स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगी।

### पंजाबी समाज ने विभाजन के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**खतौली।** सन 1947 में हुए भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान अपने प्राण न्यौछावर करने वाले पूर्वजों को याद करते हुए पंजाबी समाज खतौली ने गुरुवार शाम नगर के एक चौराहे पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना भी की गई। कार्यक्रम में पंजाबी समाज खतौली के अध्यक्ष मोनू मंगवानी, महामंत्री राम जी, कोषाध्यक्ष अजय अरोड़ा, परवीन ठकराल, राजीव ग्रोवर, मदन छाबड़ा, संजय भाटिया, दीपक छ्वा, रचित मेहता, आशु तनेजा, गोरी शंकर गोरी, कीमती लाल, शिवम् आहूजा, नरेश गुंबर, सचिन तनेजा, आशु मात्रोजा सहित समाज के अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभा में वक्ताओं ने कहा कि विभाजन का दर्द पीढ़ियों तक भुलाया नहीं जा सकता, और पूर्वजों के बलिदान को सदैव याद रखना हमारा कर्तव्य है।

## मानसिक स्वास्थ्य शिविर में सीएमओं ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मोरना प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित शिविर का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर मे जन सामान्य हेतू मानसिक स्वास्थ्य एवं उपचार मार्ग दर्शिका पुस्तक का विमोचन किया गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया की कहा कि मानसिक स्वास्थ्य,शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही आवश्यक है और इसके प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना समय की मांग है। समय रहते मानसिक रोगों का निदान और उपचार गंभीर समस्याओं को रोक सकता है।शिविर में मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.अर्पण जैन, डॉ. आर.डी. गौड़, काउंसलर मनोज कुमार, अंशिका मलिक और कपिल ने अवसाद, चिंता, तनाव, नींद की समस्या, नशा मुक्ति और अन्य मानसिक विकारों से जुड़ी समस्याओं का निदान किया तथा जरूरतमंद मरीजों को परामर्श और दवाएं प्रदान कीं।सैकड़ों लोगों ने शिविर में पहुंचकर विशेषज्ञ टीम से उपचार एवं सलाह ली। कार्यक्रम के समापन पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अजय कुमार ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों और सहयोगियों का आभार जताते हुए लोगों से अपील की कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुलकर चर्चा करें और आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने में संकोच न करें।

# हिंदुओं को सीएए से मिला सम्मान : अरूण

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने 1947 में भारत-पाकिस्तान के विभाजन को एक अत्यंत पीड़ादायक घटना बताते हुए उस समय हुई त्रासदियों को याद किया। अरुण सिंह ने कहा कि बंटवारे के समय लाखों हिंदुओं की निर्मम हत्या की गई, महिलाओं के साथ क्रूरता हुई और करोड़ों लोगों को जबरन अपने घर छोड़ने पड़े। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में 1947 में जहां 20: हिंदू आबादी थी, वह अब सिर्फ 2: रह गई है, जो वहां के अल्पसंख्यकों की स्थिति को दर्शाता है।

गुरुवार को अरुण सिंह गांधीनगर स्थित पार्टी कार्यालय पर जिला 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम मैं शिरकत करने पहुंचे थे। आयोजन में मुख्य अतिथि की भूमिका निभाने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा ने नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू कर हिंदुओं को न्याय दिलाने का काम किया है उन्होंने इस कानून की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने यह कानून बनाकर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से प्रताड़ित होकर भारत आए हिंदुओं, सिखों, जैनों और अन्य अल्पसंख्यकों को भारत में सम्मानजनक जीवन का अधिक. ार देने की पहल की गई है। उन्होंने भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय पर कथित हथियार तस्करों को संरक्षण देने के आरोपों के मुद्दे के सवाल पर




दो टूक कहा कि भाजपा का ऐसे लोगों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने पार्टी की नीति स्पष्ट करते हुए कहा कि भाजपा हराष्ट्र प्रथम की भावना से काम करती है और किसी भी आपराधिक गतिविधि या तत्वों को समर्थन नहीं देती। इस दौरान क्षेत्रीय प्रभारी सत्येंद्र सिसोदिया, जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल, जिला उपाध्यक्ष शरद शर्मा, श्री मोहन तायल, विजय सैनी, जिला मीडिया प्रभारी पवन अरोरा मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन से शुरू हुई यात्रा से दिखा देशभक्ति का नज़ारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा के नेतृत्व में शहर के मुख्य मार्गों पर तिरंगा निकाली गई। पुलिस लाइन से शुरू हुई इस यात्रा में जिले के सभी पुलिस अधिकारी और बड़ी संख्या में जवान शामिल हुए। तिरंगा लेकर देशभक्ति गीतों पर नृत्य किया।

एसएसपी संजय वर्मा खुद यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे। नगर कोतवाली प्रभारी उमेश रोरिया और खालापार कोतवाली प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने भी देशभक्ति का संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया। शहर के मुख्य मार्गों पर जैसे ही तिरंगा यात्रा पहुंची, लोगों ने जोश के साथ स्वागत किया।

हर जगह भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे गूंजे। यह यात्रा पुलिस और आम नागरिकों के बीच एकजुटता का प्रतीक बनी।

यात्रा में शामिल पुलिसकर्मियों ने यह संदेश दिया कि पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली संस्था नहीं है। वह हर राष्ट्रीय अवसर पर समाज के साथ खड़ी रहती है। इस तिरंगा यात्रा ने पुलिस बल की एकजुटता और देशप्रेम को दर्शाया। चारों ओर आजादी का जश्न छाया रहा।

## हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा विषय पर हुई क्विज प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार को यूपी शासन के निर्देश, डीएम उमेश मिश्राव सीडीओ कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण के निर्देशन में डॉक्टर राजीव कुमार द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मैपल्स एकेडमी बुढाना में राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉक्टर राजीव कुमार द्वारा वाईस प्रिंसिपल क्षितिज कुमार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज भेंट किया गया। यहां राष्ट्रभक्ति गीतों व जोश भरे नारों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। जिसमे क्षितिज कुमार व विपिन कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

डॉक्टर राजीव कुमार द्वारा सभी से राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान व हर घर तिरंगा फहराने के लिए आह्वान किया गया। हर घर



तिरंगा अभियान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने देशभक्ति की भावना को जागृत करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान के लिए आयोजित किया जा रहा है। राजेश कुमार श्रीवास जिला विद्यालय निरीक्षक के मार्गदर्शन में जिले के सब विद्यालयों में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही है।

यहां मैपल्स एकेडमी के छात्र छात्राओं व स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया। सफल प्रतिभागी श्रुति, तनुश्री, आराध्या, कनिका और नायसा को सम्मानित किया गया।

# पीआर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी पर्व

**मुजफ्फरनगर।** पचेड़ा रोड स्थित पी.आर पब्लिक स्कूल में आज कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह, हर्ष और आनंद के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए अनेक प्रतियोगिताओं तथा रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पी.आर.पब्लिक स्कूल गांधी कॉलोनी की प्रधानाचार्य मीना सिंघल तथा स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया इसके बाद कक्षा नर्सरी, एलकेजी ,यूकेजी के नन्हे बाल कलाकारों द्वारा कृष्ण लीलाओं का मनमोहक मंचन किया गया तथा यूकेजी ,एलकेजी के छात्रों द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भरपूर आनंद लिया गया। इस अवसर पर कक्षा 1 से कक्षा 11 तक के छात्र छात्राओं के लिए बांसुरी मेकिंग, मटकी डेकोरेशन तथा कृष्ण भगवान से जुड़े हुए गीत तथा श्लोको का वाचन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा प्रतियोगिताओं का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल जी ने सभी को कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा- जन्माष्टमी एक हिंदू त्योहार है जो भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिन्हें भगवान विष्णु का आठवाँ अवतार माना जाता है। यह त्योहार भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है।भक्ति परंपरा का पालन करने वाले भक्तों के लिए जन्माष्टमी का विशेष महत्व है और इसे भारत के विभिन्न हिस्सों और वैश्विक हिंदू समुदाय द्वारा उत्साह और भक्ति के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार



आध्यात्मिक चिंतन, सांस्कृतिक गति. विधियों और सांप्रदायिक मेलजोल का अवसर है।

हमारे विद्यालय में जन्माष्टमी उत्सव का उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों को भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एक साथ लाना और संस्थान के भीतर एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भावना को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित और संपन्न कराने में प्रवीण कुमार, दिव्या शर्मा, ममता पुंडीर, प्राची त्यागी, रितु त्यागी, मोनिका त्यागी, पायल कौशिक, इशिका, रितु, शिखा ठाकुर, राखी पाल, अनुपम सैनी ,शंकर शर्मा, प्रियांशी ठाकुर,चांदनी का विशेष योगदान रहा।

### न्यू वैल्किन स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम

**भोपा।** जट मुझेडा स्थित न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भव्य झांकियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और पौराणिक प्रसंगों का जीवंत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष विनय कुमार, उपाध्यक्ष के.के. आनंद, प्रबंधक दुष्यंत कुमार, प्रधानाचार्य मनीष कुमार और संयोजिका सीमा ने किया। पटेल सदन को सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार मिला, जबकि भाभा, लक्ष्मी और टैगोर सदन क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहे।विद्यालय प्रबंधन ने कम समय में शानदार प्रस्तुति देने वाले सभी छात्र-छात्राओं और सहयोगी शिक्षकों की सराहना की। विद्यालय परिसर को फूलों, झालरों और रंगोलियों से सजाकर उत्सव का माहौल और भी मनमोहक बना दिया गया।

## एसएफ डीएवी स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** आर्य प्रादेशिक प्रति. निधि सभा एवं आर्य युवा समाज के तत्वाधान में एस .एफ डी ए वी . पब्लिक स्कूल मुजफ्फरनगर के प्रांगण में रक्दान शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्रधानाचार्या पूनम पँवार ने रक्दान के प्रति लोगों को जागरूक किया ,प्रेरित होकर



स्कूल के अध्यापकों तथा अभिभावकों ने अत्यंत उत्साह व एक्यभाव के साथ रक्दान किया। यह कार्यक्रम स्वैच्छिक रक्दान को बढ़ावा देने, बहुमूल्य जीवन बचाने तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में सहायक रहा ।

# भाजपा राष्ट्रीय महासचिव ने तिरंगा यात्रा में लिया भाग

**बुढ़ाना।** राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह की मौजूदगी में आज बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक के नेतृत्व में कस्बा शाहपुर से आरंभ हुई तिरंगा यात्रा कस्बा बुढ़ाना पहुंची। इस 12 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा में देश भघक्ति के तराने गूंजते रहे। बुढ़ाना कस्बे में पुलिस चौकी के पास स्थित मैदान में ध्वजारोहण के साथ तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। कस्बा शाहपुर से आरंभ



होकर यह तिरंगा यात्रा बुढ़ाना पहुंची। पीडब्लूडी के मैदान में 151 फीट लंबे स्तंभ पर ध्वजारोहण हुआ। राज्य सभा सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह, पूर्व विधायक उमेश मलिक, ठाकुर रामनाथ सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, भाजपा जिला महामंत्री विनीत कात्यान, सतेंद्र सिसौदिया, शाहिद असलम और सुखवेंद्र सोम ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस मौके पर भारत माता की जय और वंदे मातरम के तराने गूंजते रहे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने तिरंगा यात्रा की सराहना की। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि भाजपा की सरकार में ही ऐसे आयोजन होते है। कुल मिलाकर भाजपा की तिरंगा यात्रा बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में जबरदस्त तरीके से बहुत ही सफल रही।

# सेंट ज़ेवियर्स स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन

**भोपा संवाददाता।** सेंट ज़ेवियर्स ग्लोबल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या और जन्माष्टमी का भव्य आयोजन बड़े ही धूमधाम और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण को तिरंगे, रंग-बिरंगी झालरों और फूलों से सुसज्जित किया गया, जिससे देशभक्ति और धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम नजर आया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी ध्यानचंद सिंह रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रधानाचार्या ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए विद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी।विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य नाटिका, कविताएँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें स्वतंत्रता सेना. नियों के बलिदान, राष्ट्रीय एकता और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बाल लीलाओं को सजीव किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'मटकी फोड़' प्रतियोगिता रही, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की झांकियों और रासलीला का मनोहारी प्रदर्शन किया गया।मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को देशभक्ति, ईमानदारी और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का संदेश देते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के विज. ेताओं को पुरस्कार वितरित किए।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ



# हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा रैली निकाली

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** स्थानीय श्री कुन्द कुन्द जैन (पीजी) कालेज, खतौली में आज सरकार द्वारा चलाये जा रहे "हर घर तिरंगा अभियान-2025" के अन्तर्गत आज महाविद्यालय में 72 बटालियन एनसीसी के कैडिट्स एवं विद्यार्थियों ने डॉ0 विपिन कुमार बंसल, एनसीसी प्रभारी एवं बीसीए विभाग के सहयोग से "तिरंगा रैली" का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 नीतू वशिष्ठ ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय प्रांगण से प्रारम्भ हुई और रेलवे रोड, जानसठ रोड, रेलवे स्टेशन होती हुई महाविद्यालय में आकर समाप्त हुईं। एनसीसी कैडिट्स से तिरंगा का सम्मान करते हुए तिरंगा रैली निकाली। एनसीसी कैडिटस ने भारत माता की जय-भारत माता की जय के जयकारे से पूरा गगन गुंजायेमान हो गया। प्रो0 नीतू वशिष्ठ ने कैडिट्स एवं विद्यार्थियों को तिरंगा फैहराने 15 अगस्त को तिरंगे का सम्मान करते हुए तिरंगें को फैहराने के लिए प्रेरित किया। एनसीसी प्रभारी डॉ0 विपिन कुमार बंसल ने बताया कि देश एवं राष्ट्र के प्रति एकता, अखण्डता और राष्ट्रीयता के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को एक नई प्रहचान और सम्मान देने के लिए मोदी एवं योगी ने गत वर्षो की भांति हर तिरंगा अभियान का ऐलान किया है। उन्होनें यह भी बताया कि इस तरह के आयोजन से हमारा देश के प्रति राष्ट्र प्रेम प्रदर्शित होता है। उन्होनें सभी को अपने-अपने घरों, मौहल्ले एवं अपने आस-पास राष्ट्रीय ध्वज को लगाने और सम्मान देने का आह्वान किया। रैली को सफल बनाने में ई0 आशीष जैन, ई0 राहुल माहेश्वरी, विकास जैन, डॉ0 विशु का विशेष सहयोग रहा।

भौतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 राजीव कौशिक ने सभी को अवगत कराया कि मातृभूमि के उन परिवारों को नमन जिन्होनें भारत के विभाजन के दौर में अपने परिवारजन



के प्राण न्यौछावर करने पडे, ऐसे लोगों की स्मृति में 14 अगस्त को "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" के रूप में भी बनाया जाता है। इस अवसर पर प्राणोत्सर्ग करने वाले लोगों की याद में दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गयी। रैली में के डॉ0 सपना जैन, डॉ0 राजीव कौशिक, डॉ0 दीप्ती जैन, डॉ0 अर्चना, डॉ0 विपिन कुमार बंसल, डॉ0 पूजा पुण्डीर, डॉ0 मिनाक्षी, नीलम शर्मा, रजत गुप्ता, मनोज कुमार मलिक, सुधीर कुमार, संजीव जैन, मंगल सिंह आदि छात्र/छात्राए, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

# ताराचन्द डिग्री कॉलेज में निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हर घर तिरंगा अभियान 2025 के अंतर्गत रैली का ताराचंद वैदिक पुत्री डिग्री कॉलेज में सफल आयोजन किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका त्यागी के निर्देशन में हर घर तिरंगा अभियान 2025 के अंतर्गत एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर उत्साह और देशभक्ति के साथ भाग लिया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संगीता चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सम्मानित प्राध्यापक डॉ. नीरज कुमार, डॉ प्रतिभा चौधरी ,दिव्या हांडा, शिवानी गुप्ता जी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। रैली के दौरान स्वयंसेविकाओं ने देशभक्ति के नारों के साथ तिरंगे की महिमा और राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। यह आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को और प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से किया गया।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# स्वतंत्रता दिवस के जश्न की तैयारियां पूर्ण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले में स्वतंत्रता के जश्न की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कलक्ट्रेट, नगर पालिका, शहीद स्मारक, रेलवे स्टेशन सहित कार्यालय व गैर सरकारी भवनों पर तिरंगी रोशनी से सजाए गए। नगर पालिका द्वारा भी पूरा शहर तिरंगा लाईटों से सजा दिया गया। शहीदों स्मारक पर साफ सफाई की गई। बाजारों में भी तिरंगे की खरीदारी को रौनक दिखाई दी।

शुक्रवार को 79वां स्वतंत्रता दिवस देशभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस राष्ट्रीय पर्व को मनाने के लिए सभी ने अपने-अपने ढंग से तैयारी शुरू कर दी हैं। स्कूल-कॉलेजों में स्वतंत्रता दिवस समारोह में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियां जोरों शोरों पर रही। सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों को भी तिरंगी रोशनी से सजाया जाए। रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया। नगर पालिका परिषद शामली द्वारा पूरे शहर को तिरंगा लाईटो व झालरों से सजा दिया गया। बाजारों में भी तिरंगे और अन्य सामान बिकते रहे। दुकानों पर सजे तिरंगे स्वतंत्रता दिवस के आने का संदेश दे रहे थे। बाजारों में हर तरफ तिरंगे ही तिरंगे नजर आ रहे थे। बाजार में अलग-अलग साइज में राष्ट्रीय ध्वज के अलावा विभिन्न प्रकार के ब्रोच, कैप, रीबन, टीशर्ट, हैंड बैंड आदि की भरमार दिखी। इसके साथ ही गिफ्ट आइटम में भी तिरंगा घड़ी, स्टैंड वाला तिरंगा आदि आए हुए है। जिनको खरीदने के लिए महिलाओं, पुरूषों व बच्चों की भीड लगी रही। इसके अलावा शहीदों के स्मारक पर साफ सफाई करते हुए वहां रंग बिरंली लाईटे लगाई है। शहीदों की प्रतिमाओं पर सवेरे ध्वजारोण होगा।

# इच्छाओं पर विजय प्राप्त करनी है: विव्रत सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को शहर के जैन धर्मशाला में प्रवचन करते हुए मुनि 108 विव्रत सागर महाराज ने बताया कि प्राप्त शुद्ध और शुभ भावों के आधार पर अपनी भावनाओं को प्रशस्त करने का मार्गदर्शन दे रहे हैं, जिसका उद्देश्य इच्छाओं पर विजय प्राप्त करना है। मन द्वारा उत्पन्न होने वाले भावों और उनकी अनित्यता पर चर्चा की गई है, जो बताते हैं कि ए भाव इच्छाओं को जन्म देते हैं और अंतत: दुगति का कारण बनते हैं।

उन्होने यह स्पष्ट किया गया है कि इच्छाएं कभी भी सुगति नहीं दिलातीं। रावण और कौरवों जैसे महापुरुषों के उदाहरण दिए गए हैं। जिन्होंने अपनी इच्छाओं के कारण दुख और दुगति प्राप्त की। यदि व्यक्ति दुगति में नहीं जाना चाहता, तो उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि मन में उठने वाले भाव इच्छाओं में परिवर्तित न हों। भावों का भावनाओं में बदलना सुगति का मार्ग है। आचार्यों ने इच्छाओं, आकांक्षाओं और महत्वाकांक्षाओं को दुगति का कारण और धर्म के क्षेत्र में दोष बताया है। कहा कि आकांक्षा द्धसांसारिक इच्छात्रृ को सम्यक दर्शन को नष्ट करने वाला दोष माना गया है। आज चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन अरविंद जैन परिवार, पाद प्रक्षालन राजीव जैन, संजय जैन, शास्त्र भेंट अलका जैन, रेखा जैन द्वारा पुण्य अर्जित किया गया।





# चेयरमैन व सभासदों ने किया स्मार्ट मीटरों का विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को नगर पंचायत बनत के चेयरमैन व सभासदों ने विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध किया। उन्होने कस्बा बनत में स्मार्ट मीटर लगाए जाने पर आन्दोलन करने की चेता. वनी दी। साथ ही कस्बे में विद्युत खंबे उपलब्ध कराने की मांग को लेकर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड तृतीय को ज्ञापन सौंपा है। गुरूवार को नगर पंचायत चेयरमैन पति धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में दर्जनों सभासद नगर पंचायत कार्यालय में एकत्रित हुए। जहां उन्होने कस्बे में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध किया। उन्होने कहा कि कस्बेवासी स्मार्ट मीटरों का विरोध कर रहे है, जिसकी शिकायते लगातार आ रही है। उन्होने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लोगों के घरों में जबरन स्मार्ट मीटर लगा रहे है, जिससे कस्बे की जनता में रोष व्याप्त है। धर्मवीर सिंह ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड तृतीय से वार्ता कर स्मार्ट मीटर न लगाने की मांग की। उन्होने कहा कि यदि जरबन स्मार्ट मीटर लगाए गए तो कस्बेवासी आन्दोलन करेगे। उन्होने कहा कि हाईकोर्ट का फैसला है कि उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाना अनिर्वाय नही है। इस दौरान उन्होने कस्बे में बिजली के खम्बे उपलब्ध कराए जाने की भी मांग की। इस अवसर पर सभासद इकराम उर्फ मुन्नु, अजय कुमार, अमरेश, योगेन्द्र शर्मा, सनिता, कृष्णपाल राणा, सुधीर कुमार, कंवरपाल, ख्वाजा आदि मौजूद रहे।

# विभाजन के समय की डॉक्यूमेंट्री दिखाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिनांक 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद शामली के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर जिला प्रभारी विकास अग्रवाल जी, मनोज वाल्मीकि सफाई आयोग,पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरदार राजेंद्र सिंह जी आदि उपस्थित सभी में विभाजन के समय कि डॉक्यूमेंट्री देखा। इस अवसर पर उस समय की घटनाओं के फोटो वक्तव्य की घटनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसको पीड़ित समाज के लोगों ने देखा। कार्यक्रम के अवसर पर जिला प्रभारी विकास अग्रवाल जी ने अपने संबोधन में देश की आजादी के लिए शहीद हुए उन वीर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि देश का विभाजन किसी विभीषिका से कम नहीं था। उन्होंने उसे समय की घटना पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों वीर शहीदों को याद कर आगे बढ़ने की बात कही।मनोज वाल्मीकि सफाई आयोग द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए। पंजाबी समाज से राजेंद्र सिंह ,राजदीप सिंह, अर्जुन सिंह आदि समाज के लोगों ने उस समय घटना पर प्रकाश डाला। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पूर्व जिला अध्यक्ष रामजीलाल कश्यप, जिला महामंत्री राजेंद्र सिंह, पुनीत द्विवेदी, हरबीर मलिक, रूबी चौधरी, भूपेंद्र शर्मा,रोहित विश्वकर्मा, बादल गौतम सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।पर इसके उपरांत जिला प्रभारी विकास अग्रवाल जी, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, मनोज वाल्मीकि सफाई आयोग, जिला अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शामली अरविन्द संगल आदि सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता व समाज के लोगों के साथ विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर राष्ट्रध्वज लेकर मौन यात्रा नगर पालिका परिषद शामली से प्रारंभ होकर रघुनाथ मंदिर पंजाबी टोला पर संपन्न हुई। आयोजित कार्यक्रम समापन स्थल पर पहुंच कर मुख्य अतिथि एवं पार्टी कार्यकर्ता व समाज के लोगों द्वारा 1947 में शहीद हो गए उन 10 लाख से ज्यादा शहीद हुए पंजाबी समाज व सिख समाज के शहीदों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।



## सवेरे 8 बजे होगा सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय पर्व स्वतन्त्रता दिवस को लेकर डीएम रविन्द्र सिंह ने दिशा-निर्देश जारी किए है। जिसमें 15 अगस्त 2025 राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रात: 7:30 बजे प्रत्एक गांव व कस्बों में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रभात फेरी में बच्चों, अभिभावकों, प्रबन्धक समिति के सदस्यों व सम्मानित नागरिकों को भाग लेने हेतु प्रेरित करेगे। शहर में प्रभात फेरी नगर पालिका परिषद शामली से प्रारम्भ होकर विजय चौक तक सम्पन्न होगी।

प्रात: 8 बजे सभी सरकारी तथा गैर सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। प्रात: 8:30 बजे सभी शिक्षण संस्थाओं में ध्वज फहराया जाएगा। प्रात: 8:45 बजे सभी सरकारी परिसरों, शिक्षण संस्थानों, सरकारी चिकित्सालयों विकास खण्डो आदि में वृक्षारा. ेपण का कार्यक्रम होगा।

प्रात: 9:00 बजे महापुरूषों, देश के शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों पर माल्यार्पण। प्रात: 11 बजे जिला अस्पताल में मरीजों को फलों का वितरण होगा। प्रात: 11 बजे सम्मिलित मार्च-पास्ट, जिनमें पुलिस बैण्ड, स्कूल बैण्ड, एनसीसी, होमगार्ड्स, स्काऊट गाईड तथा स्कूल के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। दोपहर एक बजे वृद्धा आश्रम एवं कुष्ठ आश्रम में फल वितरण का कार्यक्रम होगा।

## जमीयत उलेमा-ए-हिंद के आह्वान पर मदरसा छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत जमीयत उलेमा ए हिंद के पदा. धिकारियों ने बिडौली स्टैंड से यात्रा की शुरुआत की। करी वकीलुर्रहमान ने छात्रों को राष्ट्रीय ध्वज देकर की तिरंगा यात्रा की शुरुआत की।

बृहस्पतिवार को तिरंगा यात्रा बिडौली स्टैंड से शुरू होकर डेयरी चौक, छोटा बाजार, मेन बाजार, पीएनबी से होते हुए वापस बिडौली स्टैंड पर समाप्त हुई, जिसमें मदरसा नूरिया व अन्य मदरसों के छात्रों के उत्साह और जयघोष से सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। इंकलाब जिंदाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद आदि देशभक्ति नारों से आकाश गूंज उठा। यात्रा में करी इरशाद, हाफिज अ"यूब, हाफिज बदरुद्दीन, मौलाना वासिल, सभासद जिशान, तस्लीम, नसीर, अरुण गुप्ता, शाहनवाज राना, असलम कुरैशी, हाशिम, इस्तेखार, भाजपा नेता खुर्शीद आलम, इंतजार सैफी आदि का विशेष सहयोग रहा। कस्बा इंचार्ज राघवेंद्र सिंह ने पुलिस के साथ व्यवस्था बनाने में विशेष सहयोग दिया।

# आचार्य मृदुल कांत शास्त्री ने किया प्रवचन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राम सेवा समिति शामली द्वारा आयोजित मद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास धाम वृंदावन से पधारे आचार्य मृदुल कांत शास्त्री महाराज ने भगवान की कृपा करुणा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब-जब भक्त पर संकट आता है भगवान किसी न किसी प्रकार भक्ति की रक्षा को तत्पर होकर दौड़ते हैं।

उन्होने कहा कि जिस गर्भावास की निरंतर निंदा की जाती है। भगवान माता उत्तरा के गर्भ के ऊपर जब अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र छोड़ा तो गर्भस्थ बालक परीक्षित की रक्षा को भगवान ने नियम तोड़ दिए और अपने भक्त परीक्षित की रक्षा की ब्रह्मास्त्र के प्रहार को अपने ऊपर सहन किया। लेकिन भक्ति का बाल बांका नहीं होने दिया वह मनुष्य अभागा है जो ऐसे दयालू परमात्मा को छोड़कर संसार की विषयों में सुख खुजा करता है। जब भक्त परीक्षित को श्राप लगा तो भगवान कृष्ण ही सुखदेव मुनि का रूप धारण करके बाढ़ गंगा के किनारे भागवत की कथा श्रवण करने पधारे और भगवान के स्वरूप को पहचान कर सभी ज्ञानी, ध्यानी, ऋषि मुनि, महात्माओं ने सादर दंडवत प्रणाम करके उन्हें व्यास पीठ पर आसीन किया। आचार्य ने चतुश्लोकी भागवत का विस्तार से वर्णन किया और बताया में सार रूप में भागवत जी की ज्ञान से ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया हैं। यह ज्ञान भगवान नारायण ने ब्रह्मा जी को प्रदान किया। जिसमें चार श्लोक में ब्रह्म, माया, जगत और जीव का वर्णन किया है। इसीलिए इस संसार में आनंद प्राप्ति और दुख विनाश के लिए भागवत जी की शरणागति परम आवश्यक है। मौके पर संजय मित्तल, अजय मित्तल, रितेश गोयल, मनीष मित्तल, रामतीर्थ गोयल, रामकिशोर, नंद किशोर, रितेश, तनिश मित्तल, संजीव कुमार, शिवम संगल, अभिषेक मित्तल, अमित गोयल, मिनाक्षी मित्तल, प्रिया मित्तल, कविता संगल, सारा मित्तल आदि मौजूद रहे।

## पंजाबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष के हुए गैर जमानती वारंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** अपने आप को पंजाबी समाज का प्रदेश अध्यक्ष बताने वाले निशांत परुथी के खिलाफ न्यायालय एसीजेएम-10 द्वारा धोखाधड़ी से जमीन बेचने पर गैर जमानती वारंट जारी किए गए व पुलिस को उन्हें अरेस्ट करके न्यायालय में पेश करने के आदेश हुए है। न्यायधीश ने याचिकाकर्ता की प्रार्थना को स्वीकार करते हुए लिखा है कि लगता है अभियुक्तगण जानबूझकर न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं इस कारण एनबीडब्ल्यू जारी किये जा रहे है।

# धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस, डीएम ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में दिनांक 15 अगस्त, 2025 को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पर्व ''स्वतन्त्रता दिवस'' के सम्बन्ध में निर्धारित कार्यक्रमों को लेकर जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द कुमार चौहान ने दिशा-निर्देश जारी किए है।

जिसमें 15 अगस्त 2025 राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रात: 7:30 बजे प्रत्एक गांव व कस्बों में प्रभात फेरी निक. ाली जाएगी। प्रभात फेरी में बच्चों, अभिभावकों, प्रबन्धक समिति के सदस्यों व सम्मानित नागरिकों को भाग लेने हेतु प्रेरित किया जाए।प्रभात फेरी का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में प्रत्येक शिक्षण संस्थानों के प्राचार्योध्प्रधानाध्यापकों द्वारा कराया जाएगा। प्रात: 8:00 बजे सभी सरकारी तथा गैर सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा झण्डा-अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन होगा। राष्ट्रीय ध्वज में पुष्पों की पंखुडियों बांधकर उसे फहराया जाए।सम्बन्धित विभाग के वरिष्ठतम अधिकारी द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा।

प्रात: 8:30 बजे सभी शिक्षण संस्थाओं में ध्वज फहराया जाएगा, ध्वजारोहण के पश्चात खेल-कूद, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन तथा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार समारोह आयोजित किए जाएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षकध्जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में सभी शिक्षण संस्थानों के प्राचार्योध्प्रधानाध्यापकों द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा। प्रात: 9:00 बजे महापुरूषों, देश के शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों पर माल्यार्पण।सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी के माध्यम से नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायत के अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित महापुरूषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से सम्बन्धित ग्राम पंचायत के प्रधान द्वारा किया जाएगा।

प्रात: 11:00 बजे जिला अस्पताल में मरीजों को फलों का वितरण।मुख्य चिकित्साधिकारी, शामली द्वारा किया जाएगा। प्रात: 11:00 बजे सम्मिलित मार्च- पास्ट, जिनमें पुलिस बैण्ड, स्कूल बैण्ड, एन0सी0सी0, होमगार्ड्स, स्काऊट गाईड तथा स्कूल के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। मार्च पास्ट नगर पालिका परिषद, शामली से प्रारम्भ होकर विजय चौक पर समाप्त होगा। उप जिलाधिकारी, शामलीध्जिला विद्यालय निरीक्षक के संयोजन में होगा तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी, शामली मार्च-पास्ट के मार्ग पर पुलिस व्यवस्था करेंगे एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालि. का परिषद, शामली मार्ग पर पर्याप्त सफाई, कली-चूने का छिडकाव एवं आवश्यकतानुसार कुर्सी व दरी डलवाई जाएगी तथा मिष्ठान का वितरण कराया जाएगा। अपरान्ह 1:00 बजे वृद्धा आश्रम एवं कुष्ठ आश्रम में फल वितरण का कार्यक्रम।जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा कराया जाएगा। उपरोक्त के अतिरिक्त:- इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, पंथ-निरपेक्षता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र की भावना को सु.ढ़ बनाने पर जोर दिया जाए तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित करने के साथ-साथ लोगों की परम्परागत एकता प्रदर्शित करने के लिए मानव श्रृंखला बनाने पर भी विचार किया जाए।, समस्त शिक्षण संस्थाओं में इस अवसर पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए, जिसमें राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' का सामूहिक गायन भी सम्मिलित हो।विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता-संग्राम का इतिहास बताया जाए तथा देश के लिए शहीद हुए देशभक्तों के जीवन के प्रेरक-प्रसंगों को दोहराया जाए, जिससे उनमें राष्ट्रीय चेतना जागृत हो। इसके अतिरिक्त देशप्रेम की भावना जागृत करने वाले नाटक, विचार गोष्ठी, वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रदर्शनी, निबन्ध लेखन से सम्बन्धित प्रतियोगिताएं भी यथा-सम्भव आयोजित कराई जाएं। शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी कार्यक्रमोंध्योजनाओं के साथ ही शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देने वाले कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं।, स्वाधीनता दिवस पर वीरो का वंदन करने के भाव के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शस्त्र सेना, पैरामिलिट्री बल, सशस्त्र पुलिस बल, पुलिस बल के पुरस्कृत वीरों, शहीदों के आश्रितों, पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाए।,सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रदेश सरकार के विकास कार्यों पर आधारित विकास प्रदर्शनी आयोजित कराई जाए।, स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़े स्थलों की विशेष साफ-सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित कराते हुए यथासम्भव 15 अगस्त तक नित्य पुलिस बैण्ड से देशभक्ति गीतों का वादन कराया जाए।, अपरान्ह में परम्परागत रूप से किसी सार्वजनिक स्थान पर जनसभा का आयोजन किया जाए जिसमें:-स्वाधीनता की वर्षगांठ पर जन-साधारण को यह स्मरण कराया जाए कि हमारे अनगिनत देशभक्तों तथा अमर बलिदानियों ने जीवन भर संघर्ष करके अपना सब कुछ न्यौछावर कर जो राजनैतिक स्वाधीनता हासिल की थी।

उसकी रक्षा करते हुए आर्थिक व सामाजिक स्वाधीनता को और सशक्त बनाने का दायित्व विशेष तौर पर नई पीढ़ी पर है। इस अवसर पर जन-साधारण को बताया जाए कि सभी समुदायों के महापुरुषों ने एकता, आपसी सद्भाव, भाई-चारे व इंसानियत पर बल दिया है। इस राष्ट्रीय पावन पर्व पर उन महानुभावों के कार्यों का भी आदरपूर्वक स्मरण किया जाए, ताकि समाज में मनुष्य और मनुष्यता का महत्व बढ़े।, राष्ट्रीय स्वाभिमान और गौरव के प्रतीक 'राष्ट्रीय ध्वज' के महत्व के विषय में जनमानस को बताया जाए।, पंथ- निरपेक्षता की मूल अवधारणाओं पर प्रकाश डालते हुए लोगों को प्रेरणा दी जाए कि राष्ट्र और समाज का निर्माण प्रेम तथा सद्भावना से होता है, घृणा से नहीं, मेल-जोल से होता है, वैर-भाव से नहीं, एक-दूसरे के धर्म, जाति, विचारों व महापुरुषों का आदर करने से होता है, अनादर से नहीं।


इस समारोह में यदि किसी स्वाधीनता संग्राम सेनानी को बुलाया जाना सम्भव हो, तो उन्हें ससम्मान आमंत्रित किया जाय।, 15 अगस्त, 2025 को ब्लाक, तहसील तथा जनपद स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों को सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया जाए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 एवं 15 अगस्त, 2025 की रात्रि में सरकारी कार्यालय- भवनों तथा अन्य इमारतों एवं स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक स्मारकों को रोशन किया जाए।, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अधिकाधिक जन-सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए उन सभी संस्थाओं, समूहों तथा व्यक्तियों को प्रोत्साहित किया जाए, जो 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित करने की सदिच्छा व्यक्त करते हैं।, विकास संबंधी शासन की प्राथमिकताओं से जन-मानस को अवगत कराते हुए उन्हें अपेक्षित योगदान के लिए प्रेरित किया जाए, साथ ही बेहतर वातावरण पैदा करके स्वच्छ प्रशासन देने के प्रयासों से आम जनता को अवगत कराया जाए।, प्रदेश सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास' की अवधारणा को अंगीकृत करते हुए उत्तर प्रदेश को स्वच्छ, स्वस्थ, समर्थ तथा सर्वोत्तम प्रदेश बनाने के लिए कृत संकल्प है। राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों विशेष रूप से किसानों, गरीबों, वंचितों, शोषितों एवं उपेक्षित वर्ग के साथ-साथ प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए साफ नीयत-सही विकास के संकल्प को साकार कर रही है। प्रदेशवासियों के सहयोग से उत्तर प्रदेश विकास के मार्ग पर अग्रसर हो रहा है।

सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में किसान, महिला, युवा तथा गरीब हैं। इनके सशक्तीकरण के लिए विभिन्न नीतियां एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में जन सहयोग अपेक्षित है।, राज्य सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों एवं विकासपरक तथा जन कल्याण के लिए उठाए गए कदमों से स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार प्रदेश के आमजन के विकास, उनकी सुरक्षा और कानून व्यवस्था के प्रश्न पर कितनी संवेदनशील है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के हित तथा राज्य के समग्र विकास के लिए संच. ालित महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों, के सम्बन्ध में जनसभाओं में जनसाधारण को अवगत कराया जाए।, यह देश सभी धर्मों और सम्प्रदायों में पारस्परिक विश्वास, सद्भावना व एकता से ही प्रगति कर सकता है। वर्तमान सरकार सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प को मूर्त रूप प्रदान करते हुए अपराध एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर आगे बढ़ रही है। प्रदेश में शांति एवं सद्भाव का वातावरण सृजित करने के लिए इस अवसर पर जनमानस की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए और लोगों को प्रेरित तथा जागरूक भी किया जाए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्एक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना तथा स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव जगाना है। अत: इस कार्यक्रम का आयोजन जारी दिशा-निर्देश के अनुसार गरिमामय ढंग से किया जाए।

# कमालपुर सड़क हादसे में वृद्ध की मौत, चौकी पर हंगामा, पुलिस ने बरसाई लाठियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बिडौली चौसाना मार्ग के कमालपुर बिजलीघर के पास देर्रात्रि एक बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे एक वृद्ध व दो युवको को विपरित दिशा से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 62 वर्षीय वृद्ध शराफत पुत्र वजीर खान की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रिहान व एहसान को गम्भीर चोटे आई। राहग.ीरो ने पुलिस को हादसे की जानकारी दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक के परिजनो को घटना से अवगत कराया और पीडितो को करनाल के नीजि अस्पताल मे भर्ती कराया।मृतक के परिजन शव का पीएम नही कराना चाहते थे,लेकिन पुलिस ने शव को कब्जे मे लिया और चौसाना लेकर आ





गई। जिसका विरोध करने को सैक्डो ग्रामीणों की भीड चौसाना चौकी पहुँची। पुलिस ने भीड को चौकी मे आने से पहले ही लाठियां भांजकर खदेड दिया। जिसका फिर से विरोध हुआ। चौसाना मे स्थिति अनियंत्रित होने की जानकारी मिलते ही एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देश पर सीओ कैराना श्यामसिंह,सीओ थानाभवन,गढी पुख्ता थाना सहित आसपास के थानो से पुलिस बल को चौसाना भेजा गया।

चौसाना के कमालपुर मे बीतीरात्रि हुए हादसे मे एक वृद्ध शराफत की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुँचें परिजन मौके पर पहुँचें और पुलिस को मृतक के सम्बंध जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे मे लिया और पंचनामें की प्रक्रिया को शुरू किया गया। जिस पर पीडित परिवार के लोगो ने आपत्ति की,तो पुलिस ने पिकअप वैन बुलाकर शव को जबरण घटनास्थल से उठाया और पुलिस चौकी ले आई। जिस पर सैक्डो लोगो की भीड भी पुलिस के पीछे पीछे चौसाना चौकी पहुँची और पुलिस की कार्यवाही का विरोध करते हुए हंगामा किया गया। पीडित पक्ष का आरोप है कि हमे बिरादरी मे सलाह नही करने दी गई कि हम अपने मृतक भाई का पोस्टमार्टम कराए भी या नही।

ग्रामीणों के हंगामे के बीच पुलिस ने पीडित पक्ष के लोगो को चौकी मे घूसने नही दिया और हल्काबल प्रयोग करते हुए भीड को खदेड दिया। गुस्साए लोगो ने पुलिस कार्यवाही का विरोध किया और हंगामा किया। सूचना पर थाना प्रभारी जितेन्द्र शर्मा मौके पर पहुँचें और स्थिति को नियंत्रित करते हुए लोगो को समझाकर शांत किया। प्रभारी निरीक्षक ने पीडित पक्ष के लोगो को विश्वास मे लिया और तहरीर लेकर तुरंत मुकदमा दर्ज कराया गया। जिस पर पीडित पक्ष शांत हो गया। पुलिस ने चौसाना व झिंझाना थाने से एक टीम भेजकर शव को पोस्टमार्टम कराया।

**चौसाना पुलिस के फूल गए थे हाथपांव,घबराहट मे भांजी लाठी**

**चौसाना।** मृतक के परिजनो का कहना है कि पुलिस ने हमें विश्वास मे लिए बिना शव को घटनास्थल से उठाया और पोस्टमार्टम पर भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी। हम पोस्टमार्टम नही कराना चाहते थे। हम लोग एकत्र होकर चौकी गए तो पुलिस चौकी प्रभारी खूब सिंह ने हमे वहॉ आने नही दिया और गेट से पहले ही डंडे मारने शुरू कर दिए। पुलिस की कार्यशैली मानवीय अधिकारो का हनन है।

**पुनरावृत्ति रोकने का एसपी ने सम्भाला मोर्चा,कई थानो से पुलिसबल भेजा**

**चौसाना।** चौसाना चौकी पुलिस पर हादसे के दौरान खेल करने का आरोप पहले भी लगा था। जिसके बाद मृतको के परिजनो ने विरोध करते हुए पुलिस सुरक्षा को धता बताते हुए चौकी परिसर मे पुलिस व पत्रकारो के साथ मारपीट की थी।घटना से सीख लेकर दोबारा घटना घटित ना हो इसलिए एसपी ने कई थानो की पुलिस के साथ सीओ थानाभवन को भी मौके पर भेजा। वही स्थिति नियंत्रित होने की खबर से एसपी शामली भी रास्ते से वापस लोट गए।

**चौकी प्रभारी के नौसिखिएपन से उग्र हुए ग्रामीण, बवाल होने से बचा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** युवा चौकी प्रभारी खूब सिंह ने अपने उतावने रवैएं के कारण मृतक के परिजनो को चौकी परिसर मे घूसने नही दिया और लाठिया मारकर भगा दिया। अगर थाना प्रभारी मौके पर आकर स्थिति नियंत्रित नही करते तो चौसाना मे बवाल होना निश्चित था।

.............................

मृतक के परिजनो की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। जिस बाइक से हादसा हुआ,उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जैल भेजा जा रहा है।

**श्याम सिह,सीओ कैराना**

## वृहद पुनरीक्षण को लेकर बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद में त्रिस्तरीय पंचायतों की नामावली के वृहद पुनरीक्षण हेतु बैठक प्रशिक्षण के संबंध में जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज उनके कार्यालय में सभी संबंधित के साथ बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार सभी मतदाताओं के वोटर लिस्ट तैयार करने तथा मतदाताओं के विलोपन परिवर्धन संशोधन सूची को सही तरीके से तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में सतएन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी (वि./रा), शामली,सभी एसडीएमध्तहसीलदार,सहित सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जसवंत सिंह,खंड विकास अधिकारी,सहायक विकास अधिकारी पंचायत आदि मौजूद रहे।

## कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई, कार्यक्रम प्रस्तुत किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरती देवी राजा राम पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बच्चों ने भव्य व आकर्षण तरीके से भगवान कृष्ण की लीला प्रस्तुत की। कृष्ण और राधा के रूप में सजे बच्चों को देखकर लग रहा था मानो कृष्ण और राधा धरती पर उतर आए हैं। बच्चों ने सपनों में आए कृष्ण मोहे यशोदा का नंदलाला, नंदलाल आदि गीतों पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा तीसरी से आठवी तक की कक्षाओं में बॉसुरी व मटकी सज्जा का आयोजन किया गया। बच्चों ने एक से एक सुन्दर मटकी व बॉसुरी बनाकर सभी का मन मोह लिया। जन्माष्टमी के अवसर पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। स्कूल उपप्रबन्धक निंकुज मित्तल ने कहा कि जन्माष्टमी हिन्दू धर्म का एक



महत्वूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार न केवल भगवान कृष्ण के जन्म का उत्सव है बल्कि यह धर्म, प्रेम और भक्ति का प्रतीक है।

**शामली।** शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कक्षा प्ले-ग्रुप से कक्षा 8 तक के छात्रों ने राधा-कृष्ण, सुदामा, यशोदा, कंस आदि के स्वरूपों में मनमोहक रूप धारण कर भगवान कृष्ण की लीलाओं को जीवंत कर दिया।

बच्चों ने भजनों, श्लोकों, कीर्तन एवं नृत्य-नाटिकाओं के माध्यम से कृष्ण की बाल लीलाओं, उपदेशों व प्रेम की भावना को अभिव्यक्त किया। छोटे बच्चों की मासूम प्रस्तुति और




कलात्मकता ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के चेयरमैन सुनील गोयल, वाइस चेयरमैन शिखर गोयल, डायरेक्टर प्रियांक गोयल एवं प्रधानाचार्या अनीता सिवाच ने छात्र-छात्राओं का कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व क्यो मनाया जाता है और उसके महत्व के बारे में बताया। उन्होने छात्र-छात्राओं से सभी त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में नन्हे मुन्हे प्रतिभागियों को उनकी सुंदर प्रस्तुति हेतु उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की विशेषता विद्यार्थियों द्वारा सजी भव्य झांकियां रही। जिनमें कृष्ण जन्म, रासलीला, गोवर्धन पूजा, माखन चोरी और कंस वध जैसे जीवंत .श्य दर्शकों को भावविभोर कर गए।

भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे-नन्हे कन्हैया और राधा सभी का मन मोह रहे थे। प्रधानाचार्य पल्लवी ने बताया कि भाद्रपक्ष की अष्टमी के दिन भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था। तभी से भगवान कृष्ण के जन्मदिन के रूप यह त्यौहार मनाया जाता है। यह त्यौहार प्रेम, भक्ति और सत्य का प्रतीक है। अभिभावकों एवं अतिथियों ने बच्चों की कला, सृजनशीलता और भक्ति भाव की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में राशि, रुचि, सोनी, प्रियंका, चांदनी, काजल, स्वाति, मीनाक्षी, नीतू, मनु आदि मौजूद रही।

## व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विदेशी सामानों के आयात पर रोक लगाने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की नीति बने बनाने की मांग को लेकर व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ने देश की राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन डीएम को सौंपा।



गुरूवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के प्रदेश महामंत्री प्रदीप विश्वकर्मा एवं जिलाध्यक्ष अमित कुमार गर्ग के नेतृत्व में जनपद शामली की टीम जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होने देश की राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन डीएम अरविन्द कुमार चौहान को सौंपा। जिसमें उन्होने कहा कि विद.ेशी सामानों के आयात पर रोक लगाई जाए। विदेशी सामानों की ऑनलाइन भारत में बिक्री पर प्रतिबंध किया जाए। भारतीय रोजगार को बढ़ावा देने के लिए भारत में निर्मित सामानों को बढ़ावा देने की नीति बनाने की मांग की। एक राष्ट्र एक चुनाव के तहत पूरे भारतवर्ष में एक साथ चुनाव कराने की मांग भी की गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री वैभव प्रकाश गोयल, जिला कोषाध्यक्ष अंकित मित्तल, नगर अध्यक्ष रितेश मित्तल, नगर महामंत्री अंशुल सिंघल आदि मौजूद रहे।

## डीपीएम स्कूल में मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व कक्षा नर्सरी से कक्षा प्रथम तक के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और मनमोहक झांकियों से सजाया गया। जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रहीं राधा-कृष्ण की जीवंत प्रस्तुतियां। छोटे-छोटे बच्चों ने राधा और श्रीकृष्ण की वेशभूषा में मंच पर जब प्रस्तुति दी, तो उपस्थित अभिभावक और शिक्षक भावविभोर हो उठे। सुंदर पोशाक, मुकुट, बांसुरी और गहनों से सजे बच्चों की मनमोहक अदाओं और भाव-भंगिमाओं ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा



कि श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, करुणा, मित्रता और धर्म के प्रति समर्पण का प्रतीक है। हमें बच्चों को ऐसे संस्कार देने चाहिए जिससे वे भविष्य में ईमानदार, निष्ठावान और समाज के लिए उपयोगी नागरिक बन सकें। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें हमारी परंपराओं में निहित हैं और इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य जिया जैदी ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करते हैं। साथ ही, मंच पर आत्मविश्वास अभिव्यक्ति क्षमता और रचनात्मकता को भी बढ़ावा देते हैं। इस सुंदर आयोजन को सफल बनाने में नर्सरी से प्रथम कक्षा तक की शिक्षिकाओं ने अथक परिश्रम किया। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों का सामूहिक सहयोग भी सराहनीय रहा, जिसकी बदौलत यह आयोजन अत्यंत भव्य और सफल रूप से संपन्न हो सका। कार्यक्रम का समापन भजन एवं आरती के साथ किया गया।

## 14 अगस्त 1947 को याद करके दु:ख से भर गए छात्र-छात्राएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में आज 14 अगस्त 1947 की विभाजन विभीषिका को याद करते हुए डीआईओएस के निर्देश पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि यद्यपि 15 अगस्त 1947 को हमारो देश अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हो गया था, किन्तु यह स्वतंत्रता अधूरी थी। हमारे भारत के दो टुकडे हो गए। हजारों - लाखों लोग मारे गए और विस्थापित हुए। ऐसे सभी लोगों को याद करते हुए हम आज शोक सभा का आयोजन कर रहें हैं और उन सभी लोगों को अपनी मौन श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसके पश्चात समस्त स्टाफ ने और छात्र-छात्राओं ने 2 मिनट का मौन रखा। मंच का संचालन सतीश आत्रेय ने किया। इस अवसर पर धनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप, रामनाथ, शिवकुमार, महेश नारायण गौड़, साकेत निर्वाल, प्रसून भार्गव, बिजेन्द्र दत्त गौतक, छवि शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## इंटर के टॉपर बच्चों का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सर्व सेवा सम्मान समिति द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर के मदर लैंड पब्लिक स्कूल के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 19 टॉपर बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरतैन अरविंद संगल ने द्वीप प्रज्जवलित किया। स्कूल के अध्यापकों और संस्था के सदस्य द्वारा सभी बच्चों को अपना शुभाशीष देकर उनका मार्गदर्शन किया। उन्हें भविष्य में भी और अधिक मेहनत करने अधिक से अधिक अपने माता-पिता गुरुजनों का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्था ने अपनी तरफ से सभी छात्राओं को सहयोग देने का आश्वासन दिया। अतिथि द्वारा मेधावी बच्चों को मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुरेंद्र बंसल, वीरेंद्र संगल, आशु गर्ग, गिरीश तायल, संदीप विश्वकर्मा, मनुज कांबोज, भूपेन्द्र खन्ना, जगदीश प्रसाद, अनिल कुमार, देवेंद्र धानिया, सुशील अग्रवाल, सरदार मंजीत सिंह, भोरी लाल, मोहित शिवाल, प्रमोद मेंबर, दिव्यांश कांबोज, रेखा कांबोज, कुमारी छवि खन्ना मौजूद रहे।

## महज 80 हजार के लिए दोस्तों ने उज्जवल को उतारा था मौत के घाट

### उज्ज्वल का एक हत्यारा दोस्त हुआ पुलिस की गोली का शिकार

■ 24 घंटे में पुलिस ने किया घटना का खुलासा

■ हत्यारोपियों ने मृतक की मां से उधार लिए थे 80 हजार, दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना/हस्तिनापुर।** कस्बा हस्तिनापुर में बुधवार को हुई उज्जवल की हत्या उसी के दोस्तों ने महज 80 हजार रुपए के लिए कर डाली। ये रुपए हत्यारोपियों ने मृतक की मां से उधार लिए थे। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पीड़ित परिवार और पुलिस को गुमराह कर छह निर्दोष लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करा दिया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए मुठभेड़ में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से एक आरोपी पुलिस की गोली का शिकार हुआ है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया है।

**दोस्त ही निकले हत्यारे**

बुधवार की शाम 20 वर्षीय उज्जवल पुत्र सुभाष शर्मा निवासी कस्बा हस्तिनापुर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दरअसल, मृतक उज्जवल व मनोहरपुर कॉलोनी निवासी सौरव पुत्र ऋषिपाल व जोगेंद्र उर्फ लाखन निवासी सैफपुर कर्मचंदपुर के बीच गहरी दोस्ती थी। सौरव ने उज्जवल की मां से 80 हजार रुपए ले रखे थे। जिसके चलते उज्जवल का दोनों से विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन सौरव ने फोन कर उज्जवल को मिलने के लिए जोगेंद्र के घेर में सैफपुर कर्मचंदपुर गांव में बुलाया। पैसों को लेकर फिर विवाद हुआ और दोनों आरोपियों ने मिलकर उज्जवल को तमंचे से गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया।

**बाइक पर लाश लेकर आए और फेंक दी**

घटना के बाद दोनों आरोपी उज्जवल की लाश उसी की बाइक पर बीच में लेकर बैठने की अवस्था में लेकर गांव से आए और कस्बे में प्रवेश करने से पहले मौका देखकर सड़क किनारे डाल दी। उसके बाद सौरव ने खुद ही परिजनों को उसके घायल होने की सूचना दी। उसके बाद फिर से लाश उठाकर सीएचसी में ले गए। उज्जवल को गोली लगने की जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची और उक्त दोनों से पूरी जानकारी ली।

**गुमराह कर निर्दोषों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा**

हत्यारोपियों ने उज्जवल के परि.जनों और पुलिस दोनों को गुमराह किया और परिजनों की ओर से छह निर्दोष लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। तहरीर दिलाने के बाद दोनों थाने से खिसककर फरार हो गए।

**पुलिस की सूझबूझ से हुआ सही खुलासा**

सैफपुर मार्ग पर पहले जहां सौरभ की लाश को आरोपियों ने फेंका, वहां पहुंचकर पुलिस ने जांच की तो खून फैला हुआ नहीं मिला। इस पर पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस ने दोनों को तलाश किया, लेकिन वह हाथ नहीं आए। पूरी रात चली तलाश में जब पुलिस जोगेंद्र उर्फ लाखन के घेर में पहुंची तो वहां एक कमरे में खून बिखरा हुआ था। पुलिस को यह समझते देर न लगी कि उज्जवल की हत्या यहीं पर की गई थी। पुलिस ने जोगेंद्र उर्फ लाखन के परिजनों से सख्ती से पूछताछ की तो उसकी बहन ने छत पर से तमंचा बरामद करा दिया। उसके बाद पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुट गई। एसओ हस्तिनापुर के मुताबिक गुरूवार को रानी नंगला मोड़ के पास दोनों हत्यारोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जिसमें सौरव पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया।

## नकली क्रीम व हारपीक बेचने वाली दुकान पर पुलिस का छापा

■ परीक्षितगढ़ क्षेत्र में हुई बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर की एक दुकान पर नामचीन कंपनी के नाम से नकली क्रीम व हारपिक बेचने की सूचना पर कंपनी के अधिकृत प्रबंधक ने थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस ने छापा मारा तथा भारी मात्रा में कंपनी का नकली ब्रांड बरामद करते हुए थाने में तहरीर दी है। इस कार्यवाही से नकली सामान बेचने वाले व्यापारियो में हड़कंप मचा हुआ है।

दिल्ली में स्थित कंपनी समिता लीगल एल 244 सेक्टर 25 नोएडा में तैनात प्रबंधक पद पर तैनात तौकीर चौधरी ने बताया कि उन्हे मैसर्स रीकिंट बेन किसेर इंडिया के नकली उत्पादन बेचने तथा बनाने वालो के विरूद्ध कार्यवाही के लिए अधिकृत किया गया था जिसके तहत गुरुवार को परीक्षितगढ़ नगर के मैन बाजार में सर्वे किया तो पाया की एक दुकान पर नकली उत्पाद बेचे जा रहे है जिसकी थाना पुलिस से शिकायत करते हुए पुलिस टीम के साथ नितिन निकट शिव चौक की दुकान पर पहुंचे जहां 720 पीस नकली वीट क्रीम व 142 हारपिक के नकली पीस बरामद किये एक पीस बतौर नमूना लिया गया तथा बाकी माल को बरामद कर सील कर दिया गया है। वहीं दुकानदार नितिन के खिलाफ धारा 63 / 65 कापीराइट एक्ट 1957 के तहत मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी गई है जिससे नकली सामान बेचने वाले व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने दी सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विशेष न्यायालय एससी एसटी कोर्ट के न्यायधीश मौहम्मद असलम सिद्दीकी ने गुरुवार को एक मामले का निर्णय करते हुए आरोपी को सजा दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना सरधना क्षेत्र की एक दलित युवती ने थाना सरधना पर एक मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें युवती ने आरोप लगाया था कि वह बुखार की दवाई लेने एक गांव के डाक्टर के पास गई थी जिसने बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा होश में आने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया परीक्षण के अपरांत न्यायधीश मौहम्मद असलम सिद्दीकी ने आरोपों को सही पाते हुए कथित डाक्टर को सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

## किड्जी प्ले स्कूल की अनोखी पहल, राखी बांधकर मनाया सुरक्षा बंधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** स्थित किड्जी प्ले स्कूल ने गुरुवार को एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए 'सुरक्षा बंधन' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर मासूम बच्चों ने किठौर थाना पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधी और उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और सुरक्षित सेवा की कामना की। किड्जी प्ले स्कूल की सीनियर एकेडमिक मैनेजर इंदु रावत ने बताया कि देश की रक्षा और सुरक्षा में आर्मी, पुलिस और डाक्टर का योगदान अमूल्य है। इसी भावना को बच्चों के मन में संजोने और सुरक्षा कर्मियों के प्रति सम्मान जगाने के उद्देश्य से यह विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किठौर थाने की सब इंस्पेक्टर करीना, सब इंस्पेक्टर किरन, सब इंस्पेक्टर विजय सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट बांटकर आशीर्वाद दिया और आश्वस्त किया कि वे हमेशा उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर रहेंगे। आयोजन में स्कूल प्रबंधक शोएब खान, डाक्टर अजमल हुसैन, कोऑर्डिनेटर नीलोफर खान, प्रधानाचार्या आयुषी गोयल, अध्यापिकाएं दीपशिखा, पूनम शर्मा, हिफजा सैफी, इकरा अब्बासी, कौसर जहां, सुम्बुल खान उपस्थित रहे।

## भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कालेज में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रियाक्षी शर्मा प्रथम, अनमोल तरार एवं अयाज चौहान क्रमश: द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ। रानी मिश्रा एव् डॉ। अजय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रो। परवीन अहमद, डॉ सौरभ पांडे, डॉ कांत वार्ष्णेय, डॉ गायत्री त्रिपाठी, डॉ दर्शना सिंह, डॉ सुरेंद्र पाल एवं रूपेश आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को अभिलेखों की प्रदर्शनी के माध्यम से दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को जानकारी देने के लिए संबंधित अभिलेखों की प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस व कल्चरल कल्ब की ओर से स्मृति संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें प्रोफेसर अतुल शर्मा ने देश की आजादी से पूर्व विभाजन की विभीषिका बहुत ही त्रासदी पूर्ण रही है। धार्मिक, आर्थिक, पारिवारिक, सामाजिक एवं भौगोलिक हर स्तर पर यह विभाजन दुखद रहा। कार्यक्रम में संबंधित अभिलेखों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस मौके पर डॉ. कुसुम लता, जुनैद, पायल, प्रिंसी आदि मौजूद रहे। बीआर कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में विभाजन विभीषिक स्मृति दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. अभिलाषा शर्मा ने विभाजन के समय देश में फैली अराजकता का स्मरण किया। इस मौके पर सचिव जर्नाधन दास त्यागी, डॉ. योगेंद्र त्यागी, गौरव शर्मा, डॉ. ज्योति रानी, मनु मेहरवाल, अंजर उस्मानी, दीपक आदि मौजूद रहे। देवबंद कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में भी स्मृति दिवस मनाया गया। साथ ही विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत्र सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. आबिद ने स्वतंत्रता दिवस का इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान एवं राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों एवं छात्रों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस मौके पर साजिद, हीना, जैन आदि मौजूद रहे। **उधर,** भायला पीजी कालेज में हुई विचार गोष्ठी में डा. बीएस यादव ने कहा कि 14 अगस्त का दिन हमें वर्ष 1947 के भारत विभाजन के दौरान लोगों की पीड़ाओं को याद कराता है। प्राचार्य डा. प्रवीण कुमार अग्रवाल, कार्यक्रम अधिकारी डा. राजेश कुमार, तुषार राणा ने भी विचार रखें। शिव कुमार बंसल, जोगेंद्र कुमार, सोमपाल, गुलाब सिंह, मान सिंह, रवि कुमार, बलराम शर्मा, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस व कल्चरल कल्ब की ओर से स्मृति संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें प्रो. अतुल शर्मा, डा. कुसुमलता, जुनैद आदि मौजूद रहे। बीआर कालेज आफ हायर एजुकेशन और देवबंद कालेज आफ हायर एजुकेशन में भी स्मृति दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



## साइबर ठगों से पीड़ित को वापस कराई राशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** साइबर ठगों द्वारा इंवेस्टमेंट प्लान के नाम पर धोखा धड़ी से 3 लाख 50 हजार रुपये की रकम में से साइबर टीम ने पीड़ित को 66 हजार रुपये वापस दिलाए हैं। जबकि शेष रकम के लिए आगे की कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया।

सांपला बक्काल गांव निवासी अनस फहाद से 21 नवंबर 2024 साइबर ठगों ने इंवेस्टमेंट प्लान के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए साढ़े तीन लाख रुपये की रकम अलग-अलग बैंक खातों में डलवाई थी। अनस ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस के मुताबिक कार्रवाई करते हुए अलग अलग बैंकों में धनराशि होल्ड कराई थी। जिसमें पीडित के खाते में 66 हजार रुपये वापस कराए। अनस ने पुलिस ने का आभार जताया है।

## किसानों का गन्ना भुगतान कराये जाने की सीएम से की मांग

**देवबन्द।** भारतीय किसान यूनियन तोमर ने किसानो का बकाया गन्ना भुगतान कराने जर जर विद्युत पोल बदलवाये जाने सहित मांगो को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन तोमर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा हैं कि बजाज शुगर मिल पर बकाया किसानों का गन्ना भुगतान कराया जाये। आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने, नगर के मीना बाजार में खड़े दो जर्जर विद्युत पोल बदलवाए जाने, एचएवी इंटर कॉलेज के समीप घरों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन को हटवाने, विद्युत निगम के अधिकारियों के यहां होने वाली बिजली चोरी को रोकने समेत अन्य मांगो का समाधान कराये जाने की मांग की हैं। ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष जयेंद्र शर्मा, मनोज कुमार, सुशील कुमार, इरशाद, सलमान आलम आदि किसान शामिल रहे। उधर, भारतीय किसान यूनियन जनहित (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक त्यागी ने जारी अपने बयान में कहा हैं कि पैसेंजर ट्रेनों का संचालन बंद होने से करीब दो दर्जन से अधिक गांवों के लोग ट्रेन मार्ग की सुविधाओं से वंचित हैं। इस संबंध में संगठन की ओर से ज्ञापन भी दिया गया था, लेकिन रेलवे प्रशासन के आश्वासन के बाद भी पैसेंजर ट्रेनों का संचालन बंद पड़ा है। उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान के लिए जल्द ही संगठन का प्रतिनिधिमंडल रेलमंत्री और मुख्यमंत्री से मिलेगा। यदि उसके बाद भी बंद ट्रेनों का संचालन शुरु नहीं किया जाता तो क्षेत्र की जनता के साथ आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पडेगा।

## अदालत ने पिता व भाई को सुनाई आजीवन कारावास की सज़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अदालत ने हत्या के मामले में मृतक के पिता व भाई को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 20-20 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवीदयाल शर्मा ने बताया कि दो साल पूर्व 15 जुलाई 2023 को भायला कलां निवासी दिमागी रूप से कमजोर सचिन की उसके पिता बाटू सिंह और छोटे भाई पंकज ने रस्सी से गला घोंट कर हत्या कर दी थी। मृतक सचिन की मां ने इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

**▪ दिमागी रूप से कमजोर पुत्र की पिता व भाई ने रस्सी से गला घोंटकर की थी हत्या**

थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त रस्सी को घर से बरामद कर कर लिया था। उक्त मामले का विचारण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में चल रहा था।

गुरुवार को न्यायाधीश विनीत कुमार वासवानी ने अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद बाटू सिंह व पंकज को सचिन की हत्या के आरोप में दोषी ठहराते हुए उक्त सुनाई।

# बच्चों ने नृत्य नाटिकाओं के माध्यम से लीलाओं का किया मंचन








**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शैक्षणिक संस्थाओं में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। बच्चो ने नृत्य, गीत, भजन, नृत्य नाटिकाओं के माध्यम से श्री कृष्ण के जीवन से संबंधित विभिन्न लीलाओं का मंचन किया।

द दून वैली पब्लिक स्कूल प्रागण में भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा शर्मा, क्वालिटी हेड श्रीमती अर्चना शर्मा, उप-प्रधानाचार्य श्रीमती तनुज कपिल, उप-प्रधानाचार्य हरदीप सिंह ने संयुक्त रूप से भगवान श्री कृष्ण जी के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चो ने नृत्य, गीत, भजन, नृत्य नाटिकाओं के माध्यम से श्री कृष्ण के जीवन से संबंधित विभिन्न लीलाओं का मंचन किया। राधा कृष्ण के परिधानों में सजे बच्चे अलग ही छटा में दिख रहे थे। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता ने जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आहवान किया। प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा शर्मा ने शिक्षकों व छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इसलिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम हमें सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। और बच्चों में कला, अनुशासन व आत्मविश्वास का विकास होता हैं। **उधर,** आरके पब्लिक स्कूल में प्ले से कक्षा तीन के बच्चों ने राधा कृष्ण की सुंदर झांकियां प्रस्तुत की। कक्षा चार से नौवीं के बच्चों ने मटकी व बांसुरी सजाई। कक्षा 10 से 12वीं के बच्चों ने श्री राधा कृष्ण का झूला सजाया। बच्चों ने मटकी तोड़ प्रतियोतिता में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। अध्यक्ष राजेश चौहान, डा. कुलदीप राणा और प्रधानाचार्या मोनिका कपूर आदि मौजूद रहे।

# एसडी कॉलेज में मनाया हर घर तिरंगा अभियान, गोष्ठी भी संपन्न




**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज के प्रांगण में हर घर तिरंगा कार्यक्रम-2025 के तत्वाधान में एमबीए, एमसीए व बी.टी.सी विभाग द्वारा गोष्ठी का आयोजन।

आज भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार एस।डी। कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के प्रांगण में सभी को जागरूक करने के लिएं ष्हर घर तिरंगा ष कार्यक्रम - 2025 के तत्वाधान में एम.बी.ए., एम.सी.ए. व बी.टी.सी विभाग द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रप्रेम, एकता और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना था, जिसमें सभी शिक्षकगणों व विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक और सक्रिय रूप से भाग लिया तथा अपनी विचारात्मक प्रतिभा के माध्यम से देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित किया। जिससे सम्पूर्ण कैम्पस तिरंगामय हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कॉलेज प्राचार्य डा. आलोक कुमार गुप्ता जी ने प्रेरणादायक शब्दों में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए हर घर तिरंगा अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला एवं राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से उपस्थित विद्यार्थियों को राष्ट्र रक्षा हेतु प्रेरित किया व देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने का आहवन किया व कहा कि वद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपनी शिक्षा, प्रतिभा और .र्जा का उपयोग समाज व राष्ट की प्रगति के लिए करें। उन्होने उपस्थित समस्तजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बी.टी.सी. प्राचार्या बबली तोमर ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारे देश की आत्मा, संस्कृति और एकता का प्रतीक है। प्रत्एक भारतीय का यह कर्तव्य है कि वह राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझे और देश के सम्मान को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करें। इसी क्रम में गोष्ठी में विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न विचारों की प्रस्तुती देते हुए कहा कि तिरंगा भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है। हर किसी को तिरंगे का सम्मान करना चाहिए। इस कार्यक्रम का उददेश्य छात्र ध छात्राओं में देशभक्ति की भावना का संचार करना है और बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग एवं बलिदान की वजह से ही देश आजादी का जश्न मना रहा है। देश की आजादी को बरकरार रखने और देश को प्रगति पर ले जाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। सभी को मिलकर देश को मजबूत करना होगा तो ही नागरिक मजबूत होगें। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में देश के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना को और अधिक प्रबल किया। अंत में प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थितजन शामिल हुए और तिरंगे के सम्मान में खड़े होकर अपनी आस्था और गर्व व्यक्त किया। इस अवसर पर एम.बी.ए., एम.सी.ए. व बी.टी.सी विभाग से डा. विभूति अग्रवाल, डा. अनम जैद, डा. शुभम तायल, मुकुल जैन रितू मित्तल, पारूल कुमार, देवेश गुप्ता, महिमा मंगल, आदित्य कश्यप, आस्था सिंघल, तुषार भारद्वाज, प्रशान्त तोमर, जितेन्द्र कुमार, अन्नु त्यागी, उमंग शर्मा, आयुष गुप्ता, राजीव कुमार, वरूण कुमार, संगीता कौशिक, संदीप गर्ग, रश्मि कौशिक, अन्जना शर्मा, अनुराग सैनी आदि शिक्षकगण तथा अधिकांश छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

### भारत के कोने-कोने से नफरत को दूर भगाना है...

भारत के कोने-कोने से नफरत दूर भगाना हैं,
जो सोए हैं चिर निद्रा में उसको आज जगाना हैं।
आजादी के लिए हमारे जो भी वीर शहीद हो गए।
उन्हीं शहीदों की समाधि पर दिया एक जलाना हैं। शंकर जी सिंह

**संभागीय परिवहन अधिकारी**
**सहारनपुर मंडल**

## छात्र-छात्राओं ने मनाया तिरंगा अभियान



**मुजफ्फरनगर।** डी. ए. वी, कालेज, मुजफ्फरनगर में भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में देश की आजादी की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारत स्काउट एवं गाइड, उ.प्र. के तत्वाधान में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रोवर क्रू तथा डॉ. प्रतिभा सिंह पाटिल रेंजर टीम तथा NCC कैडेट्स व NSS टीम द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मां, शाकम्भरी विश्व. विद्यालय, सहारनपुर के रोवर रेंजर कॉर्डिनेटर डॉ. मुकेश चन्द तथा डॉ. सुषमा सैनी, रेंजर आयुक्त, जिला मुजफ्फरनगर, NCC प्रभारी डॉ. अमरकान्त शर्मा NSS प्रभारी डॉ. रचना त्यागी, डॉ. आसिफ व सचिन कुमार के निर्देशन में सम्पन्न कराया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. गरिमा जैन ने कहा कि इन कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता की भावना जागृत होती है। कार्यकर्म में डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. चारु त्यागी डॉ. नवीन शर्मा, मती कल्पना, विपिन कुमार जैन, डॉ. पुष्पेन्द्र वशिष्ठ आदि महाविद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजशेखर नाजिया, निधि, मधुलिका, दीपक आदि विद्यार्थियों का सहयोग रहा।



# डा. तनेजा की बुद्धि विकास कार्यशाला, अनूठा प्रयासः अरुण सिंह






**मुजफ्फरनगर।** आज लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इन्टर कालेज में बुद्धि विकास कार्यशाला MEMORY ENHANCEMENT BY YOGA का आयोजन प्रसिद्ध ENT सर्जन डा. एम. के तनेजा द्वारा किया गया।

योग कार्यशाला में दिल्ली से अरुण सिंह राज्यसभा सांसद, राष्ट्रीय संगठन मंत्री, प्रभारी बीजेपी आफिस मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित हुए। डा. तनेजा ने ओम के उच्चारण के साथ कार्यशाला का प्रारम्भ कर, ताड आसन, अर्ध चन्द्र आसन, उन्मुक्त मुद्रा, त्राटक भ्रामरी प्राणायाम तथा मेडिटेशन करवाया। विशेष बात भाग्य रेखा को कैसे जागृत कर, शून्य मुद्रा द्वारा शनि को उच्च कर, वाह्य कुम्भक द्वारा इच्छा शक्ति एवं आयु को बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन महेश जी ने प्रधानाचार्य डा. अखिलेश कुमार के नेत्तत्व में किया। डॉ. अखिलेश ने कहा कि कृष्णा और हनुमान जी का जीवन में समाना जी जीवन को सफल बनाने के लिए आवश्यक है मुख्य अतिथी अरुण सिंह जी ने अपने उदगार को व्यक्त करते हुए कहा आज लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुद्धि विकास कार्यशाला मेमोरी एनहैंसमेंट योग का आयोजन जो प्रसिद्ध डॉक्टर एम के तनेजा द्वारा किया गया सराहनीय कार्य है। डॉ तनेजा द्वारा ईएनटी सर्जन के साथ-साथ योग में भागीदारी विशेष प्रशंसनीय कार्य हैं डॉक्टर तनेजा जिस प्रकार योग का आधुनिकरण करके मनोवैज्ञानिक ढंग से योग कराते हैं अनुकरणीय है कार्यक्रम में डॉक्टर चंचल सक्सैना डॉक्टर वंदना शर्मा डॉक्टर तारिणी तनेजा डा रिंकू गोयल कौशल आर्य एडवोकेट टी. एस. रावत पंडित संजीव शर्मा, डा अनुभव सिंघल को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी सहित लगभग जनपद की समस्त भाजपा के अधिकारी मौजूद रहे।

## गुलरेज हैदर रिजवीः नजफ-ए-हिन्द जोगीपुरा के प्रशासक, जो सेवा और एकता के हैं प्रतीक



**सहारनपुर/लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस का अवसर केवल तिरंगा लहराने और राष्ट्रगान गाने का नहीं, बल्कि यह दिन उन मूल्यों को याद करने का है जिनके लिए हमारे पूर्वजों ने संघर्ष किया। एकता, भाईचारा और सेवा इन मूल्यों को अपने जीवन में उतारने वाले लोगों में एक नाम है गुलरेज हैदर रिजवी, जो नजफ-ए-हिन्द, जोगीपुरा के प्रशासक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। गुलरेज हैदर रिजवी न केवल धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए जाने जाते हैं, बल्कि हर धर्म और समुदाय के लोगों के बीच सौहार्द और सहयोग का वातावरण बनाने में भी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। 15 अगस्त के दिन वे हमेशा झंडारोहण के साथ-साथ युवाओं को यह संदेश देते हैं कि देश की तरक्की तभी संभव है जब हम सब एकजुट होकर काम करें। उनकी देखरेख में नजफ-ए-हिन्द में हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस बड़े सम्मान के साथ मनाया जाता है। तिरंगा फहराने के बाद राष्ट्रगान की गूंज माहौल को देशभक्ति से भर देती है। इसके बाद सभी उपस्थित लोगों के बीच मिठाई और ताजा शर्बत का वितरण किया जाता है, जो एकता और भाईचारे का प्रतीक है। गुलरेज हैदर रिजवी का मानना है कि देशभक्ति केवल एक दिन का जज्बा नहीं, बल्कि यह हमारे रोजमर्रा के कामों और सोच में झलकनी चाहिए। उनकी यही सोच उन्हें युवाओं में एक प्रेरणास्रोत बनाती है। 15 अगस्त के इस पावन अवसर पर, जोगीपुरा में उनकी नेतृत्व क्षमता और सेवा भाव एक मिसाल बन चुका है। वे यह साबित करते हैं कि अगर प्रशासनिक जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाया जाए, तो समाज में न केवल विकास बल्कि दिलों में भी एकता पैदा की जा सकती है।

# चेहलुम का जुलूस नगर में अकीदत के साथ निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

सहारनपुर। नगर में आज हजरत इमाम हुसैन की याद में चेहलुम का जुलूस अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस दोपहर दो बजे के लगभग मौहल्ला अंसारियान स्थित छोटा इमामबारगाह से शुरू होकर तारा का चौक, नखासा बाजार, फर्रूख की मस्जिद, नया बाजार, चौब फव्वारा जामा मस्जिद, पुल सब्जी मंडी से होता हुआ जाफरनवाज खालापार स्थित बड़ा इमामबारगाह देर सांय पहुंचा, जहां नगर की सभी अंजुमनों ने नौहाख्वानी कर सीनाजनी की। नगर में 19 सफर को हजरत इमाम हुसैन (अ.) और उनके साथियों की शहादत की याद में चेहलुम का जुलूस बड़े अकीदत अहतराम के साथ निकाला गया। जुलूस में बड़ा अलम लिए अलमबरदार बने मुनव्वर अब्बास आब्दी रहे।





**चेहलुम के जुलूस के दौरान बड़ा अलम लिए अलमबरदार बने मुनव्वर अब्बास आब्दी तथा साथ में शादाब आब्दी, इशरत हुसैन जैदी ( गुड्डू ) व शिया समाज के अन्य लोग तथा नई बस्ती करबला के प्रबंधक तालिब ज़ैदी व छोटा इमामबारगाह के प्रबंधक दानिश आब्दी।**

जबकि जुलूस के इंतजाम की जिम्मेदारी नजफ अली आब्दी, चांद मियां आब्दी, यूसुफ अब्बास आब्दी, अलबदर आब्दी (जोनी), नवाजिश अली आब्दी नेनी की रही। जुलूस के दौरान जगह-जगह सबील और नजर नियाज का इंतजाम भी रहा। जुलूस में नगर की सभी अंजुमनों ने शिरकत की और जुलूस बड़ा इमामबारगाह पहुंचा, जहां सभी अंजुमनों ने नौहाख्वानी कर सीनाजनी की। जुलूस में बड़ा इमामबारगाह खालापार के प्रबंधक/मुतवल्ली डा. सैयद अथर अब्बास जैदी, वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी शादाब आब्दी, छोटे इमामबारगाह अंसारियान के प्रबंधक/मुतवल्ली दानिश आब्दी, करबला नई बस्ती के प्रबंधक तालिब जैदी, युवा पत्रकार एवं इंजी. मौ. अब्बास ज़ैदी, वसीम काजमी, शबी हैदर आब्दी, निशान हैदर आब्दी, रजबी हैदर आब्दी, गुड्डू आब्दी, फरमान आब्दी के अलावा शहर के शिया समुदाय व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शिरकत की।

# जिलाधिकारी ने ली बर्ड फ्लू टास्क फोर्स की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बर्ड फ्लू एवियन इन्फ्लूएंजा टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक रामपुर जिले में H5N1 एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस की पुष्टि होने के बाद बीमारी से बचाव के लिए तैयारियों और सावधानियों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी।

पशुपालन, स्वास्थ्य, वन और पर्यावरण, सिंचाई, राजस्व, पंचायती राज और नगर निकाय सहित विभिन्न विभागों के सदस्यों को मिलाकर एक संयुक्त टास्क फोर्स बनाई गई है। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बर्ड फ्लू को एक वायरल इन्फेक्शन बताया, जो मुख्य रूप से पक्षियों को प्रभावित करता है। इसके लक्षणों में पक्षियों की आँख और नाक से लाल पानी आना, हरे या लाल रंग का पतला दस्त, बुखार, कलगी और पैरों का बैंगनी हो जाना, और अंडे का उत्पादन कम होना शामिल है। बीमारी से बचाव के लिए बायोसिक्योरिटी, साफ-सफाई, बीमार पक्षियों से दूरी बनाए रखना, और मृत पक्षियों का सही तरीके से निपटान डिस्पोजल पिट में करने जैसे सुझाव दिए गए। वर्तमान में हापुड़ जिले में बर्ड फ्लू का कोई मामला सामने नहीं आया है। पशुपालन विभाग ने पांच रैपिड रेस्पॉन्स टीमें बनाई हैं, जो पोल्ट्री फार्मों का नियमित निरीक्षण कर रही हैं और सैंपल जांच के लिए भेज रही हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बीमारी से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है, जिसमें 450 पीपीई किट, 5000 टैमीफ्लू टैबलेट, 2000 मास्क, 500 H1N1 मास्क, और 100 बिस्तरों का आइसोलेशन वार्ड शामिल है। बर्ड फ्लू से संबंधित किसी भी



सूचना के लिए 0122-2980035 और 0122-2980038 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अपनी तैयारियां पूरी रखने, आम जनता को बर्ड फ्लू के बारे में जागरूक करने, और पोल्ट्री फार्मों से अधिक से अधिक सैंपल जांच के लिए भेजने का निर्देश दिया।

# नगर पालिका परिषद में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** नगर पालिका परिषद हापुड़ के हॉल में श्विभाजन विभीषिका स्मृति दिवसश का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 1947 के विभाजन के दौरान हुए नरसंहार और विस्थापन की भयावहता को याद करना था। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर और भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने विभाजन से विस्थापित परिवारों की याद में मोमबत्ती जलाकर की। कार्यक्रम में कई प्रमुख अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद थे जिनमें जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह, और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम शामिल थे। श्री जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने विभाजन की त्रासदी पर आधारित एक कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने विभाजन पीड़ित परिवारों के सदस्यों को शॉल देकर सम्मानित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक, जो इस कार्यक्रम के नोडल अधिक. ारी थे उन्होंने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# स्वतंत्रता दिवस के मद्देनज़र स्टेशन पर सतर्कता, चलाया चैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर हापुड़ रेलवे स्टेशन पर रेलवे आरपीएफ व जीआरपी ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रेनों और रेलवे स्टेशन व अन्य क्षेत्र में जांच की। इसके अलावा ट्रेनों में यात्रियों और रेलवे स्टेशन पर लोगों के सामान की तलाशी ली गई।

आरपीएफ इंचार्ज राकेश त्यागी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर हापुड़ रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ वो जीआरपी टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रेनों, रेलवे स्टेशन और अन्य क्षेत्र में जांच की गई। यात्रियों सहित रेलवे स्टेशन व आसपास चेकिंग के दौरान हर संदिग्ध पर नजर रखी जा



रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे सुरक्षा बल 24 घंटे स्टेशन व रेलवे लाइनों के आसपास पेट्रोलिंग करती है लेकिन स्वतंत्रता दिवस को लेकर यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर यह सुरक्षा बढ़ाई गई है। यात्रियों से भी अपील की गई है कि वह आसपास या ट्रेनों के अंदर किसी प्रकार से कोई संदिग्ध वस्तु या किसी संदिग्ध व्यक्ति को देखे तो सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि किसी भी बड़ी अनहोनी घटना को रोका जा सके।

# जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसियों ने सुना वोट चोरी का सम्बोधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस को देखा, जिसमें उन्होंने चुनाव आयोग के समक्ष कथित वोट चोरी के मुद्दे को उठाया। इस दौरान जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी सहित कई स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। उन्होंने राहुल गांधी के संदेश को जनता तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने यह प्रतिज्ञा ली कि कांग्रेस की प्राथमिकता लोकतंत्र की रक्षा करना, निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना और जनता के विश्वास को बनाए रखना है। उन्होंने इस मिशन में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने का



संकल्प लिया। इस बैठक में अरविंद शर्मा, धर्मेंद्र कश्यप, नरेश भाटी, सुखपाल गौतम, दीपक मोघे, अंकुर अग्रवाल, यशपाल सिंह ढिलोर, विनोद कर्दम एडवोकेट, विक्की शर्मा, रविंदर प्रताप सिंह, देवेंद्र कुमार, कपिल शर्मा, पूरनमल आनंद, विनोद कर्दम, भरत लाल शर्मा, अफजाल अंसारी, खुशनूद अली, अब्दुल कलाम, संदीप कुमार, अरविंद शर्मा, सुरेंद्र सिंह जाटव, और शिवम गौतम सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर युवती से दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक युवती के साथ कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है। पीड़िता के भाई ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता के भाई ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव के ही एक आरोपी युवक सूरज उसकी बहन से बाते करता था। जिसके लिए उसे पूर्व में इस बात के लिए चेतावनी दी जा चुकी थी और युवती ने भी सूरज कों भविष्य में बात न करने की हिदायत दी थी। आरोप है कि सूरज ने युवती को नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई और फिर उसे गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। यह घटना तब हुई जब युवती अपनी मौसी के गांव जा रही थी। रास्ते में आरोपी सूरज ने उसे रोका और जबरदस्ती नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई। इसके बाद वह युवती को गन्ने के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देने के बाद सूरज युवती को बदहवास हालत में छोड़कर फरार हो गया। कुछ देर बाद दो लाइनमैनों ने युवती को देखा और उसके घर पहुंचाया। होश में आने के बाद युवती ने अपने परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद परिजनों ने पिलखुवा कोतवाली में पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि पीड़िता के भाई की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने युवती का मेडिकल परीक्षण कराया है और आरोपी सूरज की तलाश के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कोतवाली प्रभारी को राष्ट्रपति गैलेंट्री मेडल से किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह को उनकी बहादुरी और उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति गैलेंट्री मेडल से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान 21 जुलाई 2021 को नोएडा में हुई एक साहसिक मुठभेड़ के लिए मिला, जिसमें उन्होंने 2 लाख रूपये के इनामी बदमाश अजय कालिया को मार गिराया था।

7 जुलाई 2021 को, जब मुनीष प्रताप सिंह नोएडा के सेक्टर-20 कोतवाली प्रभारी थे, उन्हें कुख्यात अपराधी अजय कालिया के सेक्टर-14 नाले के पास होने की सूचना मिली। उन्होंने तुरंत अपनी टीम के साथ घेराबंदी की। जैसे ही पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की, कालिया ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में, मुनीष प्रताप सिंह और उनकी टीम ने बहादुरी दिखाते हुए अजय कालिया को मार गिराया। अजय कालिया, जो खुद को एक्सल गैंग का सरगना बताता था, कई गंभीर अपराधों में वांछित था। यह गैंग हाई-वे पर वाहनों को पंचर करके लूटपाट करता था और विरोध करने पर हत्या करने से भी नहीं हिचकता था। वह बुलंदशहर हाइवे पर हुए चर्चित गैंगरेप कांड का मुख्य आरोपी था, जिसकी जाँच सीबीआई को सौंपी गई थी। पुलिस ने उसके पास से एक देसी राइफल, 9 एमएम पिस्टल, कारतूस, और लूट में इस्तेमाल होने वाले औजार जैसे कि एक्सेल और कीलें बरामद किए थे। मुनीष प्रताप सिंह को उनकी इस बहादुरी के लिए पहले भी कई पुरस्कार मिल चुके हैं, जिनमें उत्कृष्ट सेवा सम्मान पदक, डीजी सेवा डिस्क और सरहानीय सेवा सम्मान शामिल हैं। हापुड़ के पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि ऐसे जाँबाज़ पुलिसकर्मी पूरे जिले का गौरव बढ़ाते हैं। यह भी बताया गया है कि मुनीष प्रताप सिंह की पत्नी रेनूका सिंह भी पुलिस में इंस्पेक्टर हैं और वर्तमान में मेरठ में तैनात हैं। उनका परिवार पुलिस सेवा से जुड़ा रहा है। उनके पिता स्वर्गीय नरेंद्र सिंह चौहान और नाना स्वर्गीय वीरपाल सिंह भी पुलिस विभाग में कार्यरत थे।

## एक नजर

# महिला पर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने का आरोप, पुलिस जाँच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला त्रिलोकीपुरम में एक 23 वर्षीय महिला पर ज्वलनशील पदार्थ फेंके जाने का आरोप लगा है। यह घटना बुधवार देर रात की है, जिसके बाद पीड़िता करिश्मा को इलाज के लिए मेरठ रेफर कर दिया गया है।

पीड़िता के परिवार के अनुसार करिश्मा अपनी बहन के साथ कमरे में सो रही थी, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उस पर कथित तौर पर एसिड जैसा ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया। इस हमले में उसकी आँखों में जलन और सूजन आ गई। उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। जहाँ से उसकी हालत को देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया गया। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची और जाँच शुरू की। क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जाँच और मेडिकल रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि नहीं हो रही है। महिला की आँखों में सूजन है, लेकिन उसके शरीर पर एसिड के कोई निशान नहीं मिले हैं। पुलिस का कहना है कि महिला की शादी मेरठ के किठौर क्षेत्र में हुई थी। लेकिन वह अभी अपने मायके में रह रही है। पुलिस ने फिलहाल मामले की गहनता से जाँच करने की बात कही है और दावा किया है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# वैवाहिक विवाद के बाद युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गाँव बड़ोदा खुर्द में एक वैवाहिक विवाद के चलते 24 वर्षीय विजय ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार विजय की शादी तीन साल पहले पिलखुवा के पबला रोड निवासी तनु से हुई थी। परिजनों के मुताबिक पिछले कुछ समय से पति-पत्नी के बीच अनबन चल रही थी। विजय की पत्नी उस पर पिलखुवा में रहने का दबाव बना रही थी और इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई। झगड़े के बाद विजय ने घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद परिजन उसे गंभीर हालत में रामा अस्पताल ले गए। वहाँ इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। विजय अपने दो भाइयों में सबसे छोटा था और मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है और आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

# मजदूरी मांगने पर पिटाई करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव खुड़लिया निवासी शशि ने बताया कि उसने गांव निवासी महिलाओं के साथ मिलकर एक किसान के खेत में धान की पौध लगाई थी।

उसकी करीब 25 हजार से अधिक की मजदूरी किसान द्वारा नहीं दी गई। पीड़िता ने उससे मजदूरी मांगी तो आरोपी ने उसके साथ अभद्रता करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गाली गलौज करने पर हमला किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव वैठ निवासी शमशाद ने बताया कि 13 अगस्त को वह अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था। तभी पड़ोसी वहां आए और गाली गलौज करने लगे।

पीड़ित ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने हाथ में लिए हुए लाठी डंडे से हमला कर दिया। इस दौरा बीच बचाव करने के लिए आए उसके भाई कासिम पर भी हमला कर दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए थाने में तहरीर दी गई। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अजय सुन्दर नारायण सिंह त्यागी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में मिला पदभार, लोगों ने दी बंधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय शिवपुरी में हुई बैठक में अजय सुन्दर नारायण सिंह त्यागी असौड़ा हाऊस वाले को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में जिला प्रचार प्रसार प्रमुख और जिला विशेष सम्पर्क प्रमुख नियुक्त किया गया है। यह घोषणा हापुड़ में संघ कार्यालय शिवपुरी में हुई जिला बैठक में की गई। इस बैठक में मेरठ प्रांत के संगठन मंत्री अरुण, विभाग मंत्री निमेष और हापुड़ के जिला अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल भी मौजूद थे। बैठक में तीन अन्य कार्यकर्ताओं को भी नए दायित्व दिए गए। राहुल बक्सर वाले जिला सहसंयोजक, सचिन बक्सर वाले जिला सुरक्षा प्रमुख, शुभम बक्सर वाले जिला सह धर्मप्रसार प्रमुख बनाए गए। इस बैठक का उद्देश्य अखंड भारत के कार्यक्रम की योजना बनाना और विश्व हिंदू परिषद के 61वें स्थापना दिवस की तैयारियों पर चर्चा करना था। बैठक में हापुड़ जिले के 10 प्रखंडों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# रूद्रा इंस्टीट्यूट में छात्रों का हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** रूद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी नानपुर हापुड़ में गुरूवानर को को बीकॉम, बीएससी गृहविज्ञान, बीएससी गणित, बीएससी बायोलॉजी पाठयक्रम के नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के लिए दीक्षारंभ 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का प्रारम्भ हवन पूजा से आरम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आदरणीय प्राचार्या पूनम नागर, शेंकी त्यागी, पवन तोमर, रुचि शर्मा, कविता रानी, विकास मोहन ने माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया तथा कॉलेज की शिक्षिकाओं ने नव प्रवेशित छात्र छात्राओं का स्वागत स्वागतम गीत के साथ किया।

संस्थान की प्राचार्या डा. पूनम नागर ने रूद्रा परिवार में सम्मलित हुए छात्र / छात्राओं का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण अंग बालक ही होते है। वर्तमान में शिक्षा का केन्द्र बिन्दु बालक ही है। प्राचार्या महोदया ने दीक्षारंभ का अर्थ बताते हुए शैक्षिक व सहशैक्षिक गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने रूद्रा ग्रुप की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी छात्र छात्राओं को दी। और उनके स्वस्थ, सम्रद्ध व उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या महोदया ने सभी छात्र / छात्राओं को यह शपथ दिलाई कि मैं प्रतिज्ञा करती हूँ / करता हूँ कि मैं संस्थान के नियमों का पूर्णतः पालन करुंगी / करुंगा। मैं संस्थान के प्रति समर्पित भाव से अनुशासित रहते हुए अध्ययन



करुंगी / करुंगा। मैं अपने परिवार व संस्थान का नाम रोशन करने का पूर्ण प्रयत्न करुंगी /करुंगा। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष शेंकी त्यागी जी पुराने कीर्तिमान स्थापित करने वाले पुराने वर्ष के छात्र/छात्राओं का उदाहरण देते हुए यह भरोसा जताया कि हमारे नवागतुंक छात्र / छात्राऐं भी हमारे कॉलिज का परचम राष्ट्र स्तर पर फहरायेगें। इस अवसर पर प्रदीप नागर, अक्षय कुमार, सिद्धार्थ त्यागी, अतुल त्यागी, असब, पारुल निमेष, ज्योति ठाकुर, प्रिया बडगुजर,हयात परवीन, हीना परवीन, विक्की चपराना, साक्षी भारद्वाज, तनुष्का शर्मा,प्रिया एवं अन्य सभी शिक्षक / शिक्षिकाऐं उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिलखुवा।** स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस ने कड़ी चौकसी बरत रही है। एसपी ज्ञानंजय सिंह के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने जिले भर में फ्लैग मार्च किया। पुलिस ने शहर के प्रमुख स्थानों बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बाजारों में वाहनों की गहन जांच की गई। दोपहिया वाहन चालकों की विशेष जांच की जा रही है। एसपी ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि पूरे जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई संदिग्ध वस्तु दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस ने शहर के हर चौराहे पर अपनी उपस्थिति बढ़ा दी है। एसपी ने स्पष्ट किया कि नशे के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही उन्होंने चेता. वनी दी कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

# अमृत काल व स्वतंत्रता दिवस की बेलाः विकास तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिलखुवा।** स्वतंत्र भारत के 78 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस ऐतिहासिक क्षण पर हर भारतीय का हृदय गर्व से भर जाना स्वाभाविक है। स्वतंत्र भारत की यह यात्रा अद्भुत उपलब्धियों से भरी हुई है।

आज हम एक संप्रभु राष्ट्र के तौर पर निरंतर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ , 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। यह स्वतंत्रता केवल एक राजनीतिक आज़ादी नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता, संस्कृति और स्वाभिमान की पुनर्प्राप्ति है। 15 अगस्त 1947 की भोर केवल तारीख का परिवर्तन नहीं था, बल्कि एक ऐसे युग का आरंभ था जिसने हमें अपने भाग्य का निर्माता बनने का अधिकार दिया। हमारे स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास त्याग, बलिदान और अदम्य साहस की गाथाओं से भरा हुआ है। महात्मा गांधी का सत्याग्रह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस का आज़ाद हिंद फ़ौज के माध्यम से नेतृत्व, सरदार पटेल की लौह इच्छाशक्ति, पंडित नेहरू का दूरदर्शी दृष्टिकोण, चंद्रशेखर आज़ाद, भगत सिंह, राम प्रसाद बिस्मिल जैसे क्रांतिकारियों का शौर्यकृइन सबने मिलकर स्वतंत्रता के उस सूर्य को उदित किया जिसकी किरणें आज हम पर बरस रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र ने एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करना। चंद्रयान-3 की सफलता, जी-20 की मेज़बानी, और विश्व मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा इस बात के प्रमाण हैं कि यदि हम एकजुट हों तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। हमें यह सोचना होगा कि हमने स्वतंत्रता की रक्षा के लिए कितना किया है और आने वाले वर्षों में हमें क्या करना है। इस 15 अगस्त, आइए हम यह संकल्प लें , हम भ्रष्टाचार, नकारात्मक राजनीति और समाज को बांटने वाली ताकतों से दूर रहेंगे। हम अपने कर्म, विचार और आचरण से भारत को सशक्त, समृद्ध और सुरक्षित बनाने में योगदान देंगे। हम युवा ऊर्जा को रचनात्मक दिशा देकर आने वाली पीढ़ियों को एक उज्ज्वल, गौरवशाली और आत्मनिर्भर भारत देंगे। जब तक भारत के प्रत्येक नागरिक के भीतर राष्ट्र के लिए कुछ करने का जज्बा जीवित है, तब तक यह तिरंगा केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि हमारी आत्मा की पहचान रहेगा।

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी देशवासियों एवं नगर पंचायत के कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक



**चौ. हिदायत**

लिपिक नगर पंचायत बेहट सहारनपुर यूपी



समाचार एवं विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करे।
**सत्तार शेख**
शाह टाइम्स प्रभारी तहसील बेहट जनपद सहारनपुर यूपी
सम्पर्क सूत्र 9758972809

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
**दिली मुबारकबाद**



**मौ. शावेज एडवोकेट**

ग्राम प्रधान-ग्राम पंचायत लेमपुर, ब्लाक साढौली कदीम, तहसील बेहट

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
**हार्दिक शुभकामनाएं**



-:प्रवेश प्रारम्भ:-
धर्मसिंह जगदीश सिंह महाविद्यालय
गांव फतेहपुर कला, बेहट, स.पुर
बीए, बीकॉम, बीएससी (मैथ), बीएससी (बॉयो)

**डा. विनय चौहान**

9690078836,9690078835

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
**हार्दिक शुभकामनाएं**



**सुरेंद्र कुमार गोंदवाल**

ग्राम प्रधान-लतीफपुर भूढ, ब्लाक साढौली कदीम (बेहट)
सुमित कुमार-सचिव

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
**हार्दिक शुभकामनाएं**



**फग्गूराम सैनी**

समाजसेवी व विद्युत ठेकेदार, मौहल्ला महाजनान, बेहट, समय पर बिलों का भुगतान करें





सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**रामकिशन उर्फ रामू चौधरी**

जिला पंचायत सदस्य वार्ड 9
निवास स्थान:- असलमपुर बरथा, बेहट, सहारनपुर।






सभी देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**संजीव उर्फ बोबी कर्णवाल**

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रमुख समाजसेवी
गांधी चौक, बेहट

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
**हार्दिक शुभकामनाएं**



**मांगेराम धीमान**

ग्राम प्रधान-पंचायत जसमौर ब्लाक मुजफ्फराबाद, तहसील बेहट अपील-राष्ट्रहित में बिजली बचाये।





सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**संजय चौधरी**


ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रामपुर बडकला, ब्लाक साढौली कदीम, तहसील बेहट

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**नरेन्द्र कुमार**

प्रधानाचार्य
मिरगपुर पांजुवाला, ब्लाक मुजफ्फराबाद





**अजय जैन**
(प्रबन्धक)

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जनता इंटर कालेज बेहट जिला सहारानुर



**सुभाष चंद सागर**
(प्रधानाचार्य)

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
**हार्दिक शुभकामनाएं**

गांव को साफ सुथरा रखें



गांव को साफ सुथरा रखें

**चौ. रामकुमार**

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत असलमपुर बरथा, ब्लाक साढौली कदीम (बेहट)





सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**सुनील राजदेव उर्फ (बिट्टू)**

वरिष्ठ भाजपा नेता
कार्यालय-गांधी चौक, कस्बा बेहट, सहारनपुर।

## कार्यालय नगर पंचायत बेहट (सहारनपुर)

स्वच्छ बेहट

सुन्दर बेहट

समस्त नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाए। नगर पंचायत बेहट आपका अपना कस्बा है, इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। नगर पंचायत बेहट सम्मानित नागरिकों से निम्नवत् अपील/अपेक्षा करती है:-

1. नगर में स्वकर प्रणाली हेतु सर्वे का कार्य चल रहा है जिसमें आप सभी नगरवासी सर्वे कर्मचारी को अपनी सम्पत्ति का सही-सही विवरण दे। सर्वे कार्य में अपना पूर्ण सहयोग करें।
2. शौच हेतु शौचालय का प्रयोग करे, खुले में शौच कदापि न करे।
3. पोलीथीन पूर्णतया प्रतिबन्ध है, इसका प्रयोग कदापि न करे।
4. सरकारी सम्पत्ति, सडको व सार्वजनिक चौराहो पर अतिक्रमण न करें।
5. अपने कस्बा बेहट को स्वच्छ रखने के लिए सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग सफाई कर्मी को ही दे, कूडे को किसी भी दशा में नालियों, सडक अथवा खुले स्थान में न फेंके, और न ही जलाएं ऐसा करना दण्डनीय अपराध है।
6. संचारी रोगों से बचाव हेतु साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, अपने घरो के आस पास कूड़ा व पानी इक्टठा न होने दे।
7. पानी की टोटियों खुली न छोडे।
8. करो का समय से भुगतान करें।
9. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर अवश्यक करायें।
10. कस्बे में आपसी भाईचारा बनाये रखे।



**सविता वर्मा**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बेहट जनपद सहारनपुर



**अब्दुर रहमान**
अध्यक्ष
नगर पंचायत बेहट जनपद सहारनपुर



**मनीष बंसल**
जिलाधिकारी
जनपद सहारनपुर






सभी देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**चौ. ताहिर पहलवान**

जिला पंचायत सदस्य ग्राम मगनपुरा, ब्लाक साढौली कदीम

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
**हार्दिक शुभकामनाएं**



**राजीव कुमार सैनी**

ग्राम विकास अधिकारी विकास खंड मुजफ्फराबाद, जिला सहारनपुर।






सभी देश व क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**चौधरी वसीम**

(ग्राम प्रधान प्रतिनिधि)
सुमित कुमार (पंचायत सचिव)
ग्राम पंचायत पठानपूरा एहतमाल तहसील बेहट जिला सहारनपुर

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 15 अगस्त 2025

## लोकतांत्रिक जवाबदेही

किसी भी निर्वाचित विधानसभा में मताधिकार रखने वाले सदस्यों के मनोनयन जैसे बड़े फैसले लोकतांत्रिक जनादेश से आने चाहिएं, न कि प्रशासनिक विवेक से। केंद्रीय गृह मंत्रालय का जम्मू एवं कश्मीर हाईकोर्ट से यह कहना कि उप-राज्यपाल (एलजी) निर्वाचित सरकार की सहायता और सलाह के बगैर पांच विधानसभा सदस्य मनोनीत कर सकते हैं, लोकतांत्रिक जवाबदेही को धता बताता है। हाईकोर्ट का संवैधानिक सवाल इससे ज्यादा सीधा नहीं हो सकता, क्या जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, जो एलजी को पांच विधानसभा सदस्य मनोनीत करने की इजाजत देता है, जिससे अल्पसंख्यक सरकार बहुमत की सरकार में बदल सकती है और इसका उल्टा भी हो सकता है, संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है, इस सवाल को संबोधित करने के बजाय, मंत्रालय कानून के तकनीकी बिंदुओं में चला गया। पुडुचेरी के के. लक्ष्मीनारायणन बनाम भारत संघ' मामले का हवाला देते हुए, उसने अपनी दलील में कहा कि मनोनयन निर्वाचित सरकार के काम के दायरे से बाहर हैं। उसने दावा किया कि स्वीकृत संख्या में निर्वाचित और मनोनीत, दोनों तरह के सदस्य शामिल हैं। उसने लो.कतांत्रिक परामर्श को दरकिनार करने के औचित्य के रूप में केंद्रशासित प्रदेश अधिनियम (मतदान प्रक्रियाएं), 1963 की धारा 12 का भी उल्लेख किया। जब 119-सदस्यीय विधानसभा में पांच मनोनीत सदस्य सरकार की स्थिरता तय कर सकते हों, तो यह मुद्दा स्वीकृत संख्या की कानून-द्वारा-निर्धारित परिभाषाओं से परे चला जाता है। असल सवाल यह है कि क्या नियुक्त पदाधिकारियों को जनता का चुनावी फैसला उलट सकने की इजाजत देने वाला कोई कानूनी ढांचा संविधान की लो.कतांत्रिक मूलभावना का उल्लंघन करता है। संशोधनों के जरिये वर्ष 2019 के अधिनियम में धारा 15ए और 15बी को शामिल किया गया, जो निर्वाचित विधानसभा में महिलाओं की अपर्याप्त नुमाइंदगी की स्थिति में दो महिलाओं को मनोनीत करने की मौजूदा शक्ति के अलावा, एलजी को दो कश्मीरी प्रवासियों (एक महिला सहित) और पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर समुदाय से एक व्यक्ति को मना.ेनीत करने की इजाजत देते हैं। इस तरह पांच मनोनीत सीटें बनती हैं। हाईकोर्ट ने इस मुद्दे को जिस तरह सूत्रबद्ध किया है उसमें इससे जुड़े जोखिमों को स्वीकार किया गया हैरू यह ह्अल्पमत सरकार को बहुमत की सरकार में बदल सकता है या इसका उल्टा भी कर सकता है, जिससे चुनावी प्रक्रिया उलट सकती है। यह चिंता बेबुनियाद नहीं है , साल 2021 में, लक्ष्मीनारायणन के शासन के तीन साल बाद, पुडुचेरी में मना.ेनीत सदस्यों और दल-बदल करने वाले निर्वाचित विधायकों ने कांग्रेस-नीत सरकार गिराने में योगदान दिया। इसके अलावा, निर्वाचित प्रतिनिधियों से सलाह-मशविरे के बिना जम्मू एवं कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया, जो लोकतांत्रिक जवाबदेही को और ज्यादा महत्वपूर्ण बनाता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वीकारे जाने और जम्मू एवं कश्मीर में भारी समर्थन होने के बावजूद राज्य के दर्जे की बहाली का वादा अधूरा है, जो और भी जरूरी बनाता है कि मौजूदा इंतजामात को लोकतांत्रिक शासन मजबूत करना चाहिए। मंत्रालय की यह दलील कि मनोनयन ह्निर्वाचित सरकार के कामकाज के दायरे के बाहरह्ल हैं, सुप्रीम कोर्ट के फैसलों द्वारा विकसित हो रहे न्यायसिद्धांत के विपरीत हैं। वर्ष 2018 और 2023 के दिल्ली की सेवाओं के मामलों में, उसने फैसला दिया कि एलजी को निर्वाचित सरकारों की सहायता और सलाह से काम करना चाहिए।

### भारत लोकतंत्र की जननी, हमारे लिए संविधान सर्वोपरि



भारत लोकतंत्र की जननी है, हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है, आजादी के त्योहार में शामिल होने वाले सभी देशवासी हमारा परिवार हैं, हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जो हमारी सामाजिक अस्मिता का मूल आधार है, किसी राष्ट्र के इतिहास में 75 साल का इतिहास पलक झपकने जैसा होता है, भारत के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है, इस काल खंड में भारत की चेतना जागी, इस ऐतिहा.सिक अवसर पर आप सबको संबोधित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है,15 अगस्त की तारीख हमारी सामूहिक स्मृति में गहराई से अंकित है, औपनिवेशिक शासन की लंबी अवधि के दौरान देशवा.सियों की अनेक पीढ़ियों ने यह सपना देखा कि एक दिन देश स्वाधीन होगा, देश के हर हिस्से में रहने वाले सभी लोगों ने विदेशी शासन की बेड़ियों को तोड़ ेंकने के लिए व्याकुल थे।

-द्रौपदी मुर्मू
राष्ट्रपति

# आजादी के 78 वर्षों में कितने बदले लोकतंत्र के हालात





योगेश कुमार गोयल

प्रत्येक भारतवासी के लिए 15 अगस्त का दिन गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। हालांकि स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज भी देश के प्रत्एक नागरिक के दिलोदिमाग में वही जज्बा और उत्साह समाहित है लेकिन जब हर वर्ष स्वतंत्रता के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत सारे ऐसे जनप्रतिनिधियों को देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है? देश को आजाद हुए सात दशक से अधिक हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 78 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात किस कदर बदले हैं, वह किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि गाली-गलौच, उठापटक से लेकर कुर्ता-फाड़ राजनीति तक उतर आते हैं। विधानसभाओं की तो क्या बात करें, जब संसद की कार्यवाही ही कभी विपक्ष और कभी स्वयं सत्ता पक्ष द्वारा ही कई-कई दिनों तक लगातार नहीं चलने दी जाए तो राष्ट्र के लिए इससे ज्यादा चिंतनीय स्थिति और क्या हो सकती है? संसद में होने वाले ऐसे हंगामों के कारण प्रति मिनट आम आदमी के करीब ढ़ाई लाख रूपए बर्बाद होते हैं यानी हर एक घंटे में करीब डेढ़ करोड़ रूपए खर्च होते हैं। अब चूंकि संसद की कार्यवाही प्रतिदिन 6 घंटे चलनी होती है, ऐसे में संसद के दोनों सदनों में दोनों पक्षों के विरोध, हो-हल्ले और शोर के कारण जनता के खून-पसीने की कमाई के प्रतिदिन करीब 9 करोड़ रूपए से अधिक बर्बाद हो जाते हैं।

गंभीर चिंतन का विषय है कि वर्षों की गुलामी के बाद मिली आजादी को आज हम जिस रूप में संजोकर रख पाए हैं, वह 78 वर्षों में ही कितना विकृत हो चुका है। आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं, वहां कुछ दशकों में ही आजादी की तस्वीर ऐसी हो जाएगी। हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है और चांद पर भी तिरंगा लहरा दिया है। लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की लगातार बढ़ती घटनाएं और समाज में अपराधों की बढ़ती सीमा को देख बुजुर्ग तो अब कहने लगे हैं कि गुलामी के दिन तो आज की आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय तो व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। 'सैयां भए कोतवाल तो डर काहे का' कहावत हर कहीं चरितार्थ हो चली है। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जिस तरह की दरिंदगी की गई है, ऐसे मामलों को देखते हुए और क्या कहा जाए? देश में महंगाई सुरसा की तरह बढ़ रही है, आतंकवाद की घटनाएं पग पसार रही हैं, आरक्षण की आग रह-रहकर देश को जलाती रहती है। इस तरह के हालात निश्चित तौर पर देश के विकास के मार्ग में बाधक बनते हैं। हर कोई सत्ता के इर्द-गिर्द राजनीतिक रोटियां सेंकता नजर आ रहा है, कोई सत्ता बचाने में लगा है तो कोई गिराने में। संसद और विधानसभाओं में हंगामे आए दिन की बात हो गई है।


आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा देश रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। स्वार्थपूर्ण राजनी.ति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। राजस्थान हो या उत्तर प्रदेश, हरियाणा हो या गुजरात अथवा महाराष्ट्र, आरक्षण के नाम पर उठते विध्वंसक आन्दोलनों की आग में से जब-तब बुरी तरह झुलसते रहे हैं और हर कोई इस तरह के परिवेश का राजनीतिक लाभ लेने की कवायद में जुटा नजर आता है। आजादी के बाद के इन करीब साढ़े सात दशकों में भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। बगैर लेन-देन के प्राय: कोई कार्य सम्पन्न नहीं होता। बड़े नेता की तो कौन कहे, छुटभैया नेताओं की भी चांदी हो चली है। आजादी के बाद लोकतंत्र के इस बदलते स्वरूप ने आजादी की मूल भावना को बुरी तरह तहस-नहस कर डाला है। यह आजादी का एक शर्मनाक पहलू ही है कि गिने-चुने मामलों को छोड़कर हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों से विभूषित जनप्रतिनिधि अक्सर सम्मानित जिंदगी जीते रहते हैं। देश के ए बदले हालात आजादी के कौनसे स्वरूप को उजागर कर रहे हैं, विचारणीय है।

ऐसे बदरंग हालातों में यह सवाल रह-रहकर सिर उठाने लगता है कि आखिर कैसी है ए आजादी? आखिर आजादी का अर्थ क्या है? इस प्रश्न का उत्तर तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक कि यह न जान लिया जाए कि स्वतंत्र होना आखिर कहते किसे हैं? देश को? व्यक्ति को? समाज को? यह जानना भी जरूरी है कि क्या कुछ बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित व्यक्ति, समाज या देश को स्वतंत्र कहा जा सकता है? क्या भोजन, कपड़ा और रहने की व्यवस्था, बीमारी से बचाव, भय-आतंक, शोषण व असुरक्षा से छुटकारा, साक्षर एवं शिक्षित होने के पर्याप्त अवसर मिलना और अन्य ऐसी ही कई बातें मानव के बुनियादी अधिकार नहीं हैं? क्या शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति के संघर्ष को मानव का बुनियादी अधिकार नहीं माना जाना चाहिए? लोकतंत्र के हाशिए पर खड़ी देश की जनता को इस दिशा में फिर से मंथन करना आवश्यक हो गया है कि वह किस तरह की आजादी की पक्षधर है?

आज की आजादी, जहां तन के साथ-साथ मन भी आजाद है, सब कुछ करने के लिए, चाहे वह वतन के लिए अहितकारी ही क्यों न हो, या उस तरह की आजादी, जहां वतन के लिए अहितकारी हर कदम पर बंदिश हो। आज की आजादी, जहां स्वहित राष्ट्रहित से सर्वोपरि होकर देशप्रेम की भावना को लीलता जा रहा है, या वह आजादी, जहां राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि स्वरूप धारण करते हुए देश को आजाद कराने में गुमनाम लाखों शहीदों के मन में उपजे देशप्रेम का जज्बा सभी में फिर से जागृत कर सके। इस तरह के परिवेश पर सभी देशवासियों को आजादी के इस पावन पर्व पर सच्चे मन से मंथन कर सही दिशा में संकल्प लेने की भावना जागृत करनी होगी, तभी आजादी के वास्तविक स्वरूप को परिलक्षित किया जा सकेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आजादी के मतवालों के प्रेरक एवं रोचक प्रसंग



श्वेता गोयल

भारत माता को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए देश की आजादी की लड़ाई में हजारों देशभक्तों का योगदान अविस्मरणीय है। ऐसे ही कुछ प्रमुख देशभक्तों से जुड़े कुछ रोचक तथा प्रेरक प्रसंगों को स्वतंत्रता दिवस के विशेष अवसर पर स्मरण करना प्रासंगिक होगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवावस्था में जब कॉलेज जाया करते थे, उन दिनों उनके घर के ही सामने एक वृद्ध भिखारिन रहती थी।

फटे-पुराने चिथड़ों में भीख मांगते देख सुभाष का हृदय रोजाना यह सोचकर दहल उठता कि कैसे यह बुढ़िया सर्दी हो या बरसात अथवा तूफान या कड़कती धूप, खुले में बैठकर भीख मांगती है और फिर भी उसे दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होती। यह सब देखकर उनका हृदय ग्लानि से भर उठता। घर से उनका कॉलेज करीब तीन किलोमीटर दूर था। आखिकार प्रतिदिन बस किराए और जेब खर्च के लिए उन्हें जो भी पैसे मिलते, उन्होंने वो बचाने शुरू कर दिए और पैदल ही कॉलेज जाना शुरू कर दिया। इस प्रकार प्रतिदिन अपनी बचत के पैसे उन्होंने जीवनयापन के लिए उस बूढ़ी भिखारिन को देने शुरू कर दिए। 1942 में जब भारत छोड़ो आन्दोलन शिखर पर था, उस दौरान क्रांतिकारी हेमू कलानी को पता चला कि आन्दोलनकारियों का दमन करने के लिए अंग्रेज सैनिकों से भरी एक विशेष रेलगाड़ी सक्खर से गुजरने वाली है। हेमू और उसके एक-दो साथियों ने उस विशेष रेलगाड़ी को ही उड़ाने का निश्चय किया और वे सक्खर से कुछ दूर पटरियां उखाड़ने पहुंच गए। वे एक-दो फिश प्लेटें ही उखाड़ पाए थे कि पुलिस आ पहुंची और पुलिस वालों ने उन्हें वहीं धर दबोचा। हेमू कलानी ने अपने मित्रों को वहां से किसी तरह भगा दिया और स्वयं गिरफ्तार हो गए। गिरफ्तारी के बाद हेमू से उसके मित्रों के नाम उगलवाने हेतु उसे खूब यंत्रणाएं दी गई किन्तु वीर हेमू कलानी ने अपनी जुबान नहीं खोली और सारा अपराध अपने सिर ले लिया। सुभाष चंद्र बोस आई। सी। एस। की परीक्षा देने लंदन गए। साक्षात्कार के दौरान एक सदस्य ने एक अंगूठी दिखाते हुए उनसे पूछा, मि. सुभाष, क्या आप इस अंगूठी में से निकल सकते हैं? यस सर! सुभाष चंद्र बोस ने तुरन्त उत्तर दिया। फिर कागज के एक टुकड़े पर उन्होंने अपना नाम लिखा और उसे अंगूठी में से निकाल दिया। फिर यह प्रश्न पूछने वाले सदस्य की ओर मुस्कराकर देखते हुए कहा, देखिए, सुभाष अंगूठी में से निकल गया। भारत और सोवियत संघ की संयुक्त सहायता से अंकलेश्वर में तेल के कुएं खोदे गए। उनमें से तेल निकला तो नेहरू जी काफी प्रसन्न हुए और वे कुएं देखने गए तथा उनके बारे में जानकारी प्राप्त करने लगे। अचानक तेल के कुछ छींटे नेहरू जी के कपड़ों पर आ गिरे, जिससे वहां उपस्थित सभी अधिकारी व अन्य व्यक्ति काफी परेशानी में पड़ गए। उन्होंने नेहरू जी से कपड़े बदलने का अनुरोध किया। इस पर नेहरू जी पहले मुस्कराए और फिर गर्व से बोले, ''वाह! इन छींटों को क्यों छिपाऊं? मैं इन्हीं कपड़ों में संसद में जाऊंगा और सभी को शान से दिखाऊंगा हमारे देश में निकले मिट्टी के तेल के धब्बे।''

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खेड़ा अफगान: देश की आजादी में रही अहम भूमिका

विपिन चौधरी









खेड़ा अफगान: देश की आजादी के लिए क्रांतिकारियों ने बहुत संघर्ष किया। बहुत से क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति भी दी। जनपद में कई ऐसी जगह हैं जहां पर अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए क्रांतिकारियों की योजनाएं बनती थी यानी क्रांतिकारी इन जगहों पर इकट्ठा होते थे। ऐसी ही एक जगह है नकुड ब्लॉक का गांव रणदेवा है।यह गांव क्रांतिकारियों की शरण स्थली रहा है।

गांव में ऐतिहासिक प्यारे जी महाराज मंदिर है जहां पर क्रांतिकारियों का जमावड़ा होता था और उसका नेतृत्व करते थे महंत जगन्नाथ दास।इस मंदिर में क्रांतिकारियों को ट्रेनिंग दी जाती थी जैसे लाठी चलाना, भाला फेंकना आदि।क्रांतिकारियों के लिए यह जगह सुरक्षित थी और इसकी जानकारी अंग्रेजों को ज्यादा नहीं थी।महंत जी के नेतृत्व में जो क्रांतिकारी संघर्ष कर रहे थे उनमें मुख्य रूप से महाशय तुंगल सिंह गुर्जर बहादुरपुर, चौधरी रामनिवास पिलखनी,सुनहरा सिंह गुर्जर ढोलामाजरा, प्रताप सिंह गुर्जर नारायणपुर,अर्जुन सिंह गुर्जर बिश्नोट, चौधरी पवन सिंह गुर्जर ढायकी, परमानंद गुर्जर दैदपुरा, रूपराम सिंह गुर्जर नल्हेडा,राम.निवास गुर्जर पिलखनी, निरंजन सिंह गुर्जर जैनपुर, सहीराम गुर्जर जैनपुर, यतीन्द्र कुमार सिंह गुर्जर डूभर किशनपुर, तेलूराम शर्मा रणदेवा आदि थे।

**रेल की पटरियां उखाड़ते थे क्रांतिकारी**

रणदेवा के नजदीकी गांव जैनपुर के बुजुर्ग मास्टर वीर सिंह बताते हैं कि क्रांतिकारियों का मुख्य कार्य रेल की पटरियां उखाड़ना,बिजली या फिर टेलीफोन के तार काटना और सड़कों में गड्ढे खोदना था।इसके लिए बाकायदा प्यारे जी महाराज मंदिर में क्रांतिकारियों की मीटिंग होती थी और क्रांतिकारी मंदिर में रात्रि के समय ही आते थे और वहीं पर भोजन करते थे।यहीं पर उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाता था।

**एक बार मंदिर में पहुंच गए थे अंग्रेज अधिकारी**

मास्टर वीर सिंह बताते हैं कि एक बार क्रांतिकारियों की इस खुफिया जगह की भनक नकुड थाने के तत्कालीन इंस्पेक्टर डेनियल को लग गई थी। डेनियल बैलगाड़ी से अपनी टीम को लेकर जैनपुर गांव से होता हुआ रणदेवा पहुंचा था। वहां पर डेनियल को क्रांतिकारी तो नहीं मिले लेकिन मंदिर के छोटे महंत परिवर्तन दास द्धजो क्रांतिकारियों के लिए खाने की व्यवस्था करते थेऋ मिल गए थे। मास्टर वीर सिंह जी बताते हैं कि डेनियल ने उनकी खूब पिटाई की लेकिन उन्होंने किसी का भी नाम अपनी जुबान से नहीं खोला। किसी भी प्रकार का कोई भेद नहीं दिया।

**गांव में मुगलकालीन महल**

गांव रणदेवा के ऐतिहासिक होने का सबसे बड़ा सबूत गांव में प्यारे जी महाराज का बहुत पुराना मंदिर और गांव में ही मुगल कालीन महल है। ग्रामीण बताते हैं कि यह महल औरंगजेब ने प्यारे जी महाराज के लिए बनवाया था।इस महल को बनवाने के लिए औरंगजेब मजबूर हो गया था क्योंकि गांव में स्थित प्यारे जी महाराज के मंदिर को जब औरंगजेब की सेना तोड़ रही थी तो प्यारे जी महाराज ने अपना चमत्कार दिखाते हुए उनकी आंखों की रोशनी छीन ली थी ऐसी चर्चाएं हैं।परेशान होकर औरंगजेब ने उस मंदिर को दोबारा बनवाना पड़ा था। इसके साथ-साथ प्यारे जी महाराज के लिए महल का निर्माण भी औरंगजेब ने ही करवाया था। खुर्दबुर्द महल में आज भी कंकड़ों की ईंटें लगी हुई हैं।

**सरकार से अपील**

मास्टर नरेशचंद शर्मा, कंवरपाल प्रधान,सुरेश मुखिया जैनपुर, योगेंद्र सिरोही नल्हेड़ा आदि का कहना है कि रणदेवा गांव में महान क्रांतिकारी महंत जगन्नाथ दास का आश्रम है जो अब खंडहर में तब्दील हो चुका है ग्रामीणों की सरकार से मांग है कि उनकी निशानी के रूप में आश्रम का पुनरुद्धार किया जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


जय भीम बहन कुमारी मायावती जिन्दाबाद बहुजन समाज पार्टी जिन्दाबाद जय भारत
बहुजन समाज पार्टी की ओर से स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी व शाह टाइम्स के रजत जयंती वर्ष की
हार्दिक शुभकामनाएं
जगपाल सिंह
जिलाध्यक्ष सहारनपुर बहुजन समाज पार्टी
बसन्त शर्मा
बसपा नेता
जिशान गाडा
जिला उपाध्यक्ष


RLD
राष्ट्रीय लोकदल सहारनपुर महानगर इकाई की ओर से स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी व शाह टाइम्स की रजत जयन्ती पर
हार्दिक शुभकामनाएं
भूषण चौहान
महानगर अध्यक्ष- सहारनपुर
जयंत चौधरी
सांसद व राष्ट्रीय अध्यक्ष


IIA
INDIAN INDUSTRIES ASSOCIATION
इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन
सहारनपुर चैप्टर
की ओर से आप सभी नगरवासियों एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
गौरव चोपड़ा
परविंदर सिंह
कुशल शर्मा
सुरेन्द्र मोहन कालड़ा


RLD
राष्ट्रीय लोकदल की ओर से
सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी
की
हार्दिक शुभकामनाएं
शाहजमा खान
जिला अध्यक्ष सहारनपुर


स्कूल मर्जर का फैसला वापस लेना
उम्मीदों का फरहाद
PDA पाठशाला
आंदोलन की महाजीत है।
#फरहाद आलम गाड़ा
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
शिक्षा का अधिकार अखंड है और रहेगा।
शिक्षा विरोधी भाजपा की ये नैतिक हार है।
समाजवादी पार्टी
सतीश कुमार
जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ समाजवादी पार्टी सहारनपुर
#भाजपा जाए तो #शिक्षा आए।


यौमे आज़ादी की सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद
मुस्लिम फंड ट्रस्ट देवबंद शाखा नागल (सहारनपुर)
मरहूम हसीब सिद्दीकी साहब
संस्थापक मुस्लिम फंड ट्रस्ट देवबंद
साजिद हसन
मैनेजर, शाखा नागल
सुहैल सिद्दीकी
जनरल मैनेजर



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सहारनपुर को और अधिक सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए आओ हम संकल्प लें-
स्वच्छ सर्वेक्षण 2025
• हम शहर को स्वच्छ रखने के लिए अपने घर/दुकान/प्रतिष्ठान का कूड़ा नाली व नालों में नहीं बहायेंगे और सड़क पर इधर-उधर नहीं बिखेरेंगे।
• हम अपने घर/दुकान/प्रतिष्ठान का कूड़ा-कचरा नगर निगम की गाड़ी या कर्मचारी को ही देंगे।
• हम शहर के जल स्त्रोतों को दूषित नहीं करेंगे और अपने सीवर को नाले-नालियों में नहीं बहायेंगे
• हम आवश्यकतानुसार ही पानी का उपयोग करेंगे, अनावश्यक दोहन नहीं करेंगे।
• हम अपना जलकर व गृहकर समय से जमा करायेंगे।
• हम प्रतिबंधित प्लास्टिक व पॉलीथिन का उपयोग नहीं करेंगे।
• हम शहर को सुंदर बनाने के लिए वृक्षारोपण करेंगे और पौधों व वृक्षों की रक्षा करेंगे।
अपनी पानी, बिजली, सफाई व सीवर आदि समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम के कंट्रोल रुम नंबर 8477008015, 8477008027, 8477008057, व 1533 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।
शिपू गिरि (आईएएस)
नगर आयुक्त
डॉ. अजय कुमार
महापौर
नगर निगम सहारनपुर
Follow Us
Toll Free No.: 1533 / 1800 180 3316


शिक्षा
स्वतंत्रता
के स्वर्ण द्वार
खोलने की
कुंजी
है
हमारे प्रेरणास्रोत
बाबू विजेन्द्र कुमार जी
शोभित विश्वविद्यालय
गंगोह, सहारनपुर
मेरठ, एन.सी.आर.
www.sug.ac.in | www.shobhituniversity.ac.in



C.S. Complex
सोलर स्ट्रीट लाईट की सुविधा
143 स्वीकृत (एप्रूव्ड) दुकानें
शौचालय की सुविधा उपलब्ध
सी.सी.टी.वी. कैमरे की सुविधा
सी.सी. की पक्की सड़कें
स्वच्छ और सुन्दर दुकानें
9412648964, 9756354000, 8630180212, 8745936020


स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी की सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई।
जोगेंद्र सैनी
सुप्रीमो भारतीय जन रक्षक आर्मी एवं प्रदेश अध्यक्ष सैनी महासभा उत्तर प्रदेश।
कार्यालय- पहाड़पुर, नागल।


शहीद कैलाश भट्ट अमर रहे!
स्वतन्त्रता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. प्रदीप कुमार भट्ट
शहीद कैलाश गैस सेवा (इंडेन)
टपरी रोड, नागल, सहारनपुर


सभी देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं।
मानसिंह सैनी
चेयरमैन- किसान सेवा सहकारी समिति (लि.) नागल
जिलाध्यक्ष विशाल सैनी समिति सहारनपुर


तेजस इंटरनेशनल स्कूल
गागलहेड़ी रोड, नागल, सहारनपुर
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हेमन्त अरोडा
प्रधानाचार्य
कपिल डाबर
प्रबंधक


सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष देवी
ग्राम प्रधान
बढेडी कोली, नागल सहारनपुर
बिरमपाल सिंह
प्रधान प्रतिनिधि